संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 05 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जम्मू कश्मीर के दौरे पर थे। उन्होंने जिला कठुआ के घाटी में स्थित बायोटेक इंडस्ट्रियल पार्क में उत्तर भारत में उभरते स्टार्टअप के तहत बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो का उद्घाटन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 05 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र ने किया नवनिर्मित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण

**बागपत:** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को बागपत नगर में 7.36 करोड़ की लागत से बनाए गए 14 एम०एल०डी०एसटीपी प्लांट का लोकार्पण किया । इस प्लांट से यमुना नदी के प्रदूषण स्तर में कमी आयेगी। इस परियोजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बागपत की लगभग 93886 जनसंख्या लाभान्वित हो रही है। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, इसमें हम सबको संकल्प लेना है और देश को विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान की सरकार में कोई भी नहीं रहेगा वंचित, सभी को मिलेगा योजनाओं का लाभ। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि इस देश में प्रदेश में बेटियां सुरक्षित हैं। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश की कानून व्यवस्था को दुरुत कर रहे हैं। बेटी को किसी ने छेड़ा तो योगी नहीं छोड़ेंगे, पहले यूपी में बेटीयां उठाई जाती थी, अब बेटी अयोध्या तक गहने पहनकर पैदल जा सकती हैं, बोले पहले काशी में और ताज में फटते थे बम, अब राम राज स्थापित हो गया है।

### पीएम राजस्थान में डीजीपी और डीआईजी सम्मेलन में लेंगे भाग

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 और 7 जनवरी को जयपुर के राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के तीन दिवसीय वार्षिक अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी, वामपंथी उग्रवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 5 से 7 जनवरी तक आयोजित होने वाले सम्मेलन में साइबर अपराध, पुलिसिंग में प्रौद्योगिकी, आतंकवाद विरोधी चुनौतियां, वामपंथी उग्रवाद और जेल सुधार सहित पुलिसिंग और आंतरिक सुरक्षा मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा होगी।"

# फतेह हुआ केपटाउन का किला

## रोहित शर्मा की टीम इंडिया ने रचा इतिहास, दक्षिण अफ्रीका में ऐसा करने वाली पहली एशियाई टीम बनी

**ऐतिहासिक जीत**

8 न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/केपटाउन**
**भारत ने** केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया। भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में सात विकेट से मेजबान टीम को हराया। दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट पारी और 32 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। भारत ने दूसरे मैच में वापसी की और सीरीज को 1-1 से ड्रॉ कराया। टीम इंडिया अब तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है। केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ। यह केपटाउन में सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि किसी भी एशियाई टीम की पहली जीत है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अब तक यहां नहीं जीत पाया।

**दक्षिण अफ्रीका के चौथे मैदान पर भारत की जीत:** दक्षिण अफ्रीका में भारत की यह पांचवीं टेस्ट जीत है। उसे पहली बार 2006 में जीत मिली थी। तब टीम इंडिया ने जोहान्सबर्ग में मेजबानों को 123 रन से हराया था। केपटाउन दक्षिण अफ्रीका का ऐसा चौथा मैदान है जहां भारत को जीत मिली है। इससे पहले जोहानिसबर्ग, डरबन और सेंचुरियन में सफलता हासिल हुई है।

**भारत के खिलाफ बने सिर्फ 231 रन:** इस मैच में दोनों पारियों को मिलाकर दक्षिण अफ्रीका ने कुल 231 रन ही बनाए। भारत के खिलाफ किसी एक टेस्ट मैच की दो पारियों में उसके द्वारा बनाए गए सबसे कम रन हैं। इस मामले में वह पांचवें स्थान पर है। इंग्लैंड की टीम 2021 में दो पारियों में सिर्फ 193 रन ही बना सकी थी। 2018 में अफगानिस्तान की टीम बेंगलुरु में 212 रन, 2021 में न्यूजीलैंड की टीम मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 229 और 1986 में इंग्लैंड की टीम लीड्स में 230 रन ही दोनों पारियों में बना सकी थी।

### ऐतिहासिक जीत के साथ भारत टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत ने** दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टेस्ट मैच में सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने दो मैच की सीरीज 1-1 से ड्रॉ करा ली। दूसरे मैच में जीत के बाद भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भी बड़ा फायदा हुआ है। इस मैच से पहले अंक तालिका में छठे नंबर पर मौजूद टीम इंडिया बड़ी छलांग लगाते हुए सीधे शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका को भारी नुकसान हुआ है और इसे अंक



तालिका में शीर्ष स्थान गंवाना पड़ा है। भारत के पास अब 54.16 फीसदी अंक हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के पास 50 फीसदी अंक हैं। जानिए सभी टीमों की स्थिति क्या है? भारत ने अब तक चार टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से दो में जीत हासिल की और एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। भारत के पास 26 अंक हैं और कुल 54 फीसदी अंक प्रतिशत के साथ भारत शीर्ष पर है।



### रोहित शर्मा ने रचा इतिहास...

**रोहित शर्मा** ने इतिहास रचते हुए ये सीरीज ड्रॉ की। वह एमएस धोनी के बाद दक्षिण अफ्रीका में सीरीज ड्रॉ करने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बने। ऐसे में इस टेस्ट मैच में एक अनोखा कारनामा हुआ है। यह मैच 143 साल के इतिहास में गेंदों के हिसाब से सबसे छोटा टेस्ट मैच बन गया है। केप टाउन का यह मैच दूसरे दिन ही खत्म हो गया।

### मैच में क्या हुआ?

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। उनका निर्णय गलत साबित हुआ। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका की टीम 55 रन पर ही सिमट गई थी। उसके बाद भारत 153 रन पर ऑलआउट हो गया था। दोनों टीमों की पहली पारी मैच के पहले दिन ही समाप्त हो गई थी। मुकाबले के दूसरे दिन मेजबानों ने दूसरी पारी में 173 रन बनाए। इस तरह भारत को 79 रन का लक्ष्य मिला। उसने तीन विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया।

**दक्षिण अफ्रीका के चौथे मैदान पर भारत की जीत**
दक्षिण अफ्रीका में भारत की यह पांचवीं टेस्ट जीत है। उसे पहली बार 2006 में जीत मिली थी। तब टीम इंडिया ने जोहान्सबर्ग में मेजबानों को 123 रन से हराया था। केपटाउन दक्षिण अफ्रीका का ऐसा चौथा मैदान है जहां भारत को जीत मिली है।

# क्या केजरीवाल को गिरफ्तार करेगी ईडी?

## तीसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज कर दिया है। इसको लेकर देशभर में सियासत शुरू हो गई है...



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लगातार तीसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज कर दिया है। इसको लेकर देशभर में सियासत शुरू हो गई है। ईडी ने केजरीवाल को समन भेजकर बुधवार को कथित दिल्ली शराब घोटाले में जांच के लिए पेश होने को कहा था। इस मामले में गुरुवार को अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक दो महीने पहले मुझे बुला रहे हैं। भाजपा का मकसद जांच पूछताछ करना नहीं, मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने कहा कि ये राजनीतिक षड्यंत्र है। इसके तहत केजरीवाल को लोकसभा में प्रचार करने से रोकने की कोशिश की जा रही है। वहीं, भाजपा ने पलटवार किया है कि केजरीवाल जांच से भाग रहे हैं।

**सियासी उबाल**

8 भाजपा का मकसद जांच पूछताछ करना नहीं, मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है: केजरीवाल

**दिल्ली शराब घोटाले में अभी क्या हो रहा है?:** ईडी दिल्ली शराब घोटाले में मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है। ईडी ने अरविंद केजरीवाल को समन भेजकर 2 जनवरी को जांच में शामिल होने के लिए केजरीवाल को पेश होने को कहा था।
हालांकि, अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। यह तीसरी बार है जब केजरीवाल ने ईडी के समन पर जांच में शामिल नहीं हुए।

# अरब सागर में निगरानी जारी रखेंगी नौसेना

**सुरक्षा**

8 भारतीय नौसैनिक समुद्री गश्त विमान और पायलट रहित विमान से क्षेत्र की लगातार निगरानी कर रहे हैं।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बुधवार को कहा,उसके जहाज व विमान निगरानी बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा अभियान को जारी रखेंगे। गत एक सप्ताह में, क्षेत्र में तैनात नौसेना के कार्य समूहों ने बड़ी संख्या में मछली पकड़ने वाले जहाजों व अन्य पोतों की जांच की है। नौसेना ने पिछले महीने पोरबंदर तट से 220 समुद्री मील पर एमवी केम प्लूटो को ड्रोन से निशाना बनाए जाने सहित कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं को देखते हुए समुद्री निगरानी बढ़ा दी है। भारतीय नौसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार, भारतीय नौसैनिक समुद्री गश्त विमान और पायलट रहित विमान से क्षेत्र की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

भारतीय नौसेना भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर निगरानी पुख्ता करने के लिए तटरक्षक बल के साथ भी समन्वय कर रही है।

## देश में फिर से पांव पसार रहा कोरोना वायरस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत में कोरोना** वायरस फिर से पैर पसार रहा है और मामलों में इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 760 नए मामले दर्ज किए गए। साथ ही कोविड-19 से दो मरीजों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि नए मामले सामने आने से देश में कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,423 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में केरल और कर्नाटक से एक-एक मरीज मौत हुई है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्षद्वीप में समुद्र किनारे अपना समय बिताया। उन्होंने बीच पर शांति और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। पीएम मोदी हमेशा एडवेंजर के लिए तैयार रहते हैं। अपनी लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उन्होंने समुद्र में डुबकी लगाई और गहरे पानी के अंदर स्नॉर्कलिंग की।

# सीएम धामी ने की उद्योग विभाग की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड इन्वेस्टर्स समिट के तहत हुए करारों की ग्राउंडिंग के लिए और तेजी से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड के तहत हुए करारों की ग्राउंडिंग के लिए संबंधित विभागों द्वारा किये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पूरा ब्योरा देने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थानों में राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिल सके, इसके लिए रोजगार मेलों के आयोजन किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियों और जिन नीतियों में संसोधन की आवश्यकता है, उनका प्रस्ताव जल्द लाया जाए। उन्होंने अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल पार्क, काशीपुर में बनने वाले इलेक्ट्रोनिक पार्क, सितारगंज में बनने वाले प्लास्टिक पार्क के लिए राज्य स्तर से होने वाली कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। राज्य में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई आई.टी.पॉलिसी को भी जल्द लाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। निर्यात संवर्द्धन के लिए डेडिकेटेड सेल बनाने के साथ देहरादून-ऋषिकेश में कन्वेंशन सेंटर की स्थापना के लिए भी शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये।

**विवादित बयान**

8 राज्य के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोडना हमारी प्राथमिकता: सीएम धामी

# राहुल की यात्रा का नाम बदल कर किया गया 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस ने राहुल** गांधी की यात्रा का नाम बदल दिया है। अब यह यात्रा 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से जानी जाएगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान साझा की। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने आज की बैठक में तय किया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी 6700 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकतर यात्रा बस से की जाएगी। यात्रा के दौरान कुल 110 जिलों को कवर किया जाएगा। इस दौरान 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा सीटों से यात्रा होकर गुजरेगी। इस यात्रा में 67 दिन लगने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यात्रा के दौरान सबसे अधिक समय उत्तर प्रदेश में गुजारेंगे। यहां यात्रा 11 दिनों तक चलेगी और इस दौरान करीब 20 जिलों को कवर करने की योजना है। रमेश ने कहा कि मणिपुर में कुल 107 किलोमीटर की यात्रा होगी। जो चार जिलों से यात्रा होकर गुजरेगी। नगालैंड में दो दिन यात्रा चलेगी।



**15 राज्यों से...**

8 रमेश ने कहा कि मणिपुर में कुल 107 किलोमीटर की यात्रा होगी। जो चार जिलों से यात्रा होकर गुजरेगी

# कतर: अपील करने के लिए 60 दिन का समय-विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कतर में भारतीय** नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को सुनाई गई मौत की सजा को अपीलीय न्यायालय द्वारा कैद की सजा में बदले जाने के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कि कानूनी टीम के पास कोर्ट का आदेश है और उसे गोपनीय रखा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि कतर की सर्वोच्च अदालत में अपील करने के लिए 60 दिन का समय है और विदेश मंत्रालय के अधिकारी परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के संपर्क में हैं।

**अपीलीय न्यायालय से मिली थी राहत:** कतर की अपीलीय अदालत ने हाल ही में सभी भारतीय अधिकारियों को दी गई मौत की सजा को कम करते हुए राहत दी थी। अदालत ने सभी अधिकारियों को अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। कोर्ट का यह आदेश भारतीयों के परिवार के सदस्यों द्वारा एक अन्य अदालत के पहले के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के कुछ सप्ताह बाद आया था।

## लड़कियां यौन इच्छाओं पर रखे नियंत्रण', बंगाल सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**पश्चिम बंगाल** सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देते हुए एक अपील दायर की है जिसमें लड़कियों को "यौन इच्छाओं पर नियंत्रण" रखने और युवाओं को महिलाओं का सम्मान करने के लिए खुद को प्रशिक्षित करने की सलाह दी गई है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा 8 दिसंबर के फैसले की आलोचना की थी और की गई टिप्पणियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि ये टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक और गैर जरूरी है।

**औद्योगिक विकास** आईएमटी खरखौदा भी होगा गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित, यूनो मिंडा लिमिटेड लगाएगी लगभग 1100 करोड़ रुपये का मेगा प्रोजेक्ट

# मनोहर सरकार में हरियाणा औद्योगिक विकास की ओर निरंतर अग्रसर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों से हरियाणा निरंतर औद्योगिक विकास की ओर अग्रसर है। सरकार द्वारा निवेशकों को दिए जा रहे विभिन्न प्रोत्साहनों व रियायतों के चलते देशझविदेश के निवेशक हरियाणा की ओर रुख कर रहे हैं। गुरुग्राम के बाद अब आईएमटी खरखौदा भी औद्योगिक विकास की दृष्टि से विकसित होने जा रहा है। खरखौदा में मारुति सुजुकी के मेगा प्लांट के बाद अब यूनो मिंडा लिमिटेड भी लगभग 1100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपना मेगा प्रोजेक्ट लगाएगी, जिससे इस क्षेत्र का और अधिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।



मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं हुई हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की 16 वीं बैठक के दौरान यूनो मिंडा लिमिटेड को मेगा प्रोजेक्ट के लिए लगभग 94.32 एकड़ भूमि आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, सुजुकी मोटरसाईकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भी आईएमटी खरखौदा में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ मेगा प्लांट लाने के लिए प्रस्ताव दिया है।

बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे।

**संकट बढ़ा**

8 पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए लगेगा केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट

**आइओसीएल पानीपत के निकट पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए लगेगा केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट:** बैठक में जानकारी दी गई कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित हरियाणा उद्यम एवं प्रोत्साहन नीति, 2020 के तहत निवेशकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की क्लीयरेंस दी जा रही हैं, जिससे हर निवेशक का विश्वास हरियाणा के प्रति बढ़ा है।

# बीजेपी मेरी गिरफ्तारी चाहती है: सीएम केजरीवाल

## ईडी का नोटिस गैरकानूनी, कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ, मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी...

**सफाई पेश की**

8 दिसंबर में दिल्ली में बेचे गए कुल वाहनों में से रिकॉर्ड 19.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन रहे हैं: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ईडी** समन मामले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दो साल में कई बार छापे पड़े। कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। ऐसे फर्जी केस में आम आदमी पार्टी के कई नेता जेल में इन्होंने रखे हैं। खुलेआम गुंडागर्दी हो रही है। पूछताछ के बहाने केजरीवाल को बुला लो और गिरफ्तार कर लो, ताकि में लोकसभा चुनाव में प्रचार ना कर पाऊं। दिल्ली के सीएम ने कहा कि ये सारे नोटिस गैर कानूनी हैं। क्या मुझे गैर कानूनी सम्मन का उत्तर देना चाहिए। मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की साजिश है। भाजपा का मकसद मुझे लोकसभा चुनाव के प्रचार से रोकना है। भाजपा पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि जो इनकी पार्टी ज्वाइन कर लेते हैं। उसके सारे पाप धुल जाते हैं। मनीष सिसोदिया और संजय इसलिए जेल में हैं क्योंकि उन्होंने भाजपा को ज्वाइन नहीं किया।




### 'मनमोहन सिंह बन गए केजरीवाल'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी सरकार में हुए सभी घोटालों पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। वे यूपीए सरकार के पीएम मनमोहन सिंह की तरह हो गए हैं, जो अपनी सरकार में हो रहे घोटालों पर पूरी तरह चुप्पी साध लेते थे। भाजपा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर की बातें करते हैं, लेकिन उन सवालों का जवाब नहीं देते जिन्हें जनता उनसे पूछना चाहती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को शराब घोटाले, मुख्यमंत्री आवास निर्माण में हुए घोटालों के साथ अब अपने स्वास्थ्य विभाग में हुए घोटालों का जवाब देना चाहिए। यूपीए 2.0 के समय कांग्रेस सरकार के लगातार उजागर हुए घोटालों का जवाब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पास नहीं था।

हमें लोकतंत्र को बचाना है। मैं पूरी ईमानदारी से इनका मुकाबला कर रहा हूं। हमने भ्रष्टाचार नहीं किया। ऐसे देश आगे नहीं बढ़ सकता। ये क्या चल रहा है। ये जनतंत्र के लिए गलत है। इसे रोकना है। मेरा तन मन धन देश के लिए है। मेरी सांस, खून की एक एक बूंद और कतरा देश के लिए है। मुझे आपका साथ चाहिए।

केजरीवाल ने कहा कि पिछले दो साल से भाजपा की एजेंसियों ने शराब घोटाले में कई छापेमारी की और कई गिरफ्तारी की। लेकिन अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर नहीं मिला। ऐसे फर्जी केस में कई आप नेताओं को इन्होंने जेल में रखा हुआ है। अब भाजपा मुझे गिरफ्तार करना चाहती है फर्जी समन भेजकर ये लोग मुझे बदनाम करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा हुआ है और मेरे वकीलों ने बताया कि वो समन गैर कानूनी है। कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं पूरा सहयोग करूंगा।

बता दें कि ईडी ने दिल्ली शराब घोटाला केस में 3 जनवरी को पूछताछ के लिए तीसरा समन जारी किया था। इससे पहले दो समन में भी केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। ईडी ने 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन तब सीएम विपश्यना के लिए चले गए थे। सीएम ने 3 जनवारी यानी बुधवार को ईडी को पत्र लिखकर जवाब दिया। केजरीवाल ने ईडी को भेजे जवाब में कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के नाते वह राज्यसभा की चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त हैं। इसके अलावा गणतंत्र दिवस की तैयारी में भी लगे हुए हैं, ऐसे में ईडी अपने सवालों की फेहरिस्त भेजना चाहे तो भेज सकती है, उनके जवाब दे देंगे। उन्होंने ईडी को भेजे गए पत्र में उनके सवाल का जवाब नहीं देने के मामले में घेरा।

**'ईडी के प्हन समन का कोई औचित्य नहीं'**: सीएम ने कहा, उनकी ओर से पहले दो समन पर उठाई गई आपत्ति का जवाब नहीं देने पर वह आश्चर्यचकित है।

## एनआईए ने मनप्रीत सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नई दिल्ली**: राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को आतंकी-गैंगस्टर नेटवर्क मामले में नामित व्यक्तिगत आतंकवादी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला के करीबी सहयोगी मनप्रीत सिंह उर्फ पीटा के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए ने नई दिल्ली में विशेष अदालत के समक्ष बहु-राज्य आतंकवादी-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर नेटवर्क मामले में पीटा के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इस मामले में यह तीसरी चार्जशीट थी। इसमें अब तक 21 आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया जा चुका है। खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के संचालक कनाडा स्थित अर्श डाला के निर्देश पर पीटा फिलीपींस से जबरन वसूली का काम कर रहा था।

## दिसंबर में दिल्ली में बेचे गए कुल वाहनों में से रिकॉर्ड 19.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा है कि दिसंबर में दिल्ली में बेचे गए कुल वाहनों में से रिकॉर्ड 19.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन थे, जो अब तक देश के किसी भी राज्य में सबसे अधिक हैं। दिल्ली में लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित करने की नीति है और यह कई विस्तारों के बाद 31 दिसंबर को समाप्त हो गई। अधिकारियों ने कहा था कि इसे 31 मार्च तक बढ़ाया जाएगा।

**दिसंबर में बिके 19.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन**: गहलोत ने मंगलवार को एक्स (पूर्व में



ट्विटर) पर कहा कि दिसंबर 2023 में बेचे गए कुल वाहनों की तुलना में दिल्ली में 19.5% की ईवी बिक्री दर्ज की गई। कुल मिलाकर 2023 में, दिल्ली ने कुल 6,57,312 वाहन पंजीकृत किए, जिनमें से 73,610 इलेक्ट्रिक थे।

मार्च में क्या था आंकड़ा? मंत्री ने जनवरी से दिसंबर तक दिल्ली में ईवी बिक्री का प्रतिशत साझा किया। मार्च में बेचे गए कुल वाहनों में से 14.7 प्रतिशत ईवी थे, जो साल में दूसरा सबसे अधिक था, जबकि मई में यह प्रतिशत 14.4 था।

## खुद को पुलिसकर्मी बताकर करते थे ठगी, अरेस्ट

**फर्जीवाड़ा**

8 आपके पोते का नाम केस से हटाकर उसे रिहा कर दिया जाए तो उसके बदले आपको रकम चुकाना होगी...।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आपके** पोते को हमने अपहरण के मामले में हिरासत में लिया है। मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यदि आप चाहते हैं कि आपके पोते का नाम केस से हटाकर उसे रिहा कर दिया जाए तो उसके बदले आपको रकम चुकाना होगी...। जी हां उत्तर-पूर्वी जिला के साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे



ही गैंग का खुलासा किया है। गैंग पीड़ित के रिश्तेदार या परिवार के किसी करीबी को आपराधिक मामले में फंसा होने की बात कर उनसे मोटी रकम वसूल लेते थे। आरोपियों ने इसी तरह सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी से रकम वसूली थी। रुपये लेने के बाद भी आरोपी और रुपयों की डिमांड कर रहे थे। पुलिस ने गैंग के दो आरोपियों को बिहार के चंपारन से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद नसर अली (24) और मुख्य आरोपी संतोष कुमार यादव (27) के रूप में हुई है। संतोष बिहार पुलिस में संविदा पर टेक्निकल सपोर्ट प्रदान करता है। इसके अलावा वह मर्चेंट नेवी में जाने की तैयारी भी कर रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 मोबाइल, 28 सिमकार्ड व अन्य सामान बरामद किया है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि पिछले दिनों यमुना विहार निवासी बुजुर्ग लक्ष्मी चंद ने साइबर थाना पुलिस को एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि 24 अक्तूबर को उनके नंबर पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉलर ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उनके पोते को गिरफ्तार करने की बात की। आरोपियों का कहना था कि उनके पोते को अपहरण के मामले में पकड़ा गया है।

## वाहन की टक्कर से हर साल दिल्ली में मर जाते हैं 30 फीसदी लोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देशभर में हिट एंड रन के नए कानून का विरोध होने के बाद हड़ताल खत्म हो चुकी है। इसी बीच हिट एंड रन के आंकड़ों को लेकर एक जानकारी सामने आई है। जिसमें बताया गया है कि राजधानी दिल्ली में 30 फीसदी लोगों की मौत हिट एंड रन से हो जाती है। बीते साल के मुकाबले इस साल एक फीसदी की कमी आई है। साल में आए 5834 मामलों में से 1751 मामले सिर्फ हिट एंड रन के थे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के जंतर मंतर पर विभिन्न ट्रक, बस व ऑटो यूनियन कानून वापसी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है। बीते बुधवार को ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी संगठन, दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन, राजधानी टूरिस्ट ड्राइवर यूनियन समेत अन्य संगठनों ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर लिए देश भर के विभिन्न राज्यों से आकर यहां एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि यह कानून चालकों के हित में नहीं है।

इस कानून के तहत शोषण किया जाएगा। दिल्ली ऑटो टैक्सी संघ के अध्यक्ष ने कहा था कि ज्यादातर हादसों में वाहन चालक की कोई गलती नहीं होती है। नए कानून में कोई अपील-दलील नहीं सुनी जाएगी। सीधे कार्रवाई होगी। इसलिए यह कानून देशहित में नहीं है। इसे वापस लिया जाए।

## केजरीवाल को विक्टिम कार्ड नहीं खेलने देगी बीजेपी

### पार्टी केजरीवाल के खिलाफ पोल खोल अभियान चलाकर जनता को इसकी सच्चाई बताएगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा का** मानना है कि अरविंद केजरीवाल जिस तरह बार-बार प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हो रहे हैं और मीडिया के सामने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जता रहे हैं, यह उनकी विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश है। इसका उद्देश्य लोकसभा चुनाव के बीच लोगों की सहानुभूति हासिल करना है। लेकिन भाजपा ने तय किया है कि वह आम आदमी पार्टी को इस विक्टिम कार्ड को नहीं खेलने देगी। गुरुवार सुबह दिल्ली भाजपा नेताओं की शीर्ष बैठक में तय किया गया है कि पार्टी केजरीवाल के खिलाफ पोल खोल अभियान चलाकर जनता को इसकी सच्चाई बताएगी। भाजपा जनता को यह बताने की कोशिश करेगी कि किस तरह



अरविंद केजरीवाल जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश न होकर संवैधानिक संस्थाओं की अवमानना कर रहे हैं। भाजपा के शीर्ष नेताओं की यह बैठक गुरुवार सुबह हुई। यह बैठक दिल्ली सरकार की कैबिनेट मंत्री आतिशी मारलेना के उस ट्वीट के बाद हुई, जिसमें उन्होंने इस बात की आशंका जताई थी कि प्रवर्तन निदेशालय गुरुवार सुबह अरविंद केजरीवाल के घर पर रेड कर सकती है और इसके बाद उनकी गिरफ्तारी कर सकती है। इसके बाद एजेंसी के अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया था कि आज चार जनवरी को केजरीवाल के घर पर छापेमारी की कोई योजना नहीं है।

**पोल खुलेगा**

8 यह उनकी विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश है। लोकसभा चुनाव के बीच लोगों की सहानुभूति हासिल करना है

इसके ठीक बाद ही भाजपा ने बैठक कर केजरीवाल की राजनीति से निपटने का प्लान बनाया।

**केजरीवाल का गुजरात दौरा**: इस उठापटक के बीच अरविंद केजरीवाल ने तीन दिन गुजरात यात्रा का प्लान बनाया है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए यह यात्रा महत्वपूर्ण हो सकती है। इससे भाजपा चौकन्नी हो गई है।

## एम्स की दूसरी मंजिल पर लगी आग, फर्नीचर और फाइलों को पहुंचा नुकसान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली एम्स के एकेडमिक** ब्लॉक के दूसरे मंजिल पर आग लग गई। घटना की सूचना फायर विभाग को दी गई। फायर की गाड़ियां मौके पर भी पहुंच गईं, लेकिन एम्स का दावा है कि संस्थान के फायर सेफ्टी उपकरणों की मदद से ही आग पर काबू पा लिया गया। आग रिप्रोडक्टिव बायोलाजी की लैब में एक फ्रिज में शार्ट सर्किट होने के कारण लगी थी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अभी तक किसी बड़े नुकसान की सूचना भी नहीं है। कुछ फर्नीचर व कुछ अन्य सामान जलने की सूचना है। एम्स के अनुसार यह घटना आज बृहस्पतिवार सुबह साढ़े पांच से छह बजे के बीच है। इस पर जल्दी ही काबू पा लिया गया, लेकिन एम्स में अक्सर आग लगने की घटनाएं होती हैं, जो संस्थान के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। पिछले वर्ष भी पुराने ओपीडी ब्लॉक के दूसरी मंजिल पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके कारण इमरजेंसी सेवाएं करीब 24 घंटे प्रभावित रही थीं। इसके अलावा कुछ वर्ष पहले एम्स के एकेडमिक ब्लाक पर भी भयंकर

**आग पर काबू**

8 एम्स का दावा है कि संस्थान के फायर सेफ्टी उपकरणों की मदद से ही आग पर काबू पा लिया गया

आग लगने से माइक्रोबायोलाजी की लैब जल गई थी। जिससे जांच सेवाएं लंबे समय तक प्रभावित रही थीं। इससे पहले एम्स के ट्रामा सेंटर में आग लगने से ऑपरेशन थियेटर जल गए थे। इस वजह से ट्रामा सेंटर में कई महीने तक हादसा पीड़ितों की सर्जरी बंद थी। कोरोना के दौर में कंवर्जन ब्लाक में स्थिति माइक्रोबायोलाजी की नई लैब में आग लग गई थी। आग लगने की घटनाएं अक्सर लैब या स्टोर रूम में होती हैं।

**शार्ट सर्किट की आशंका**: इसका कारण यह है कि लैब में कई डीप फ्रीजर के इस्तेमाल से लोड बढ़ने पर शार्ट सर्किट की आशंका रहती है। एम्स प्रशासन का कहना है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बिजली उपकरणों की आडिट की जाती है।

## शादी के बहाने दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने दी जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उच्च न्यायालय** ने डेटिंग ऐप पर मिली महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को जमानत प्रदान कर दी। अदालत ने कहा आरोपी और शिकायतकर्ता महिला एक डेटिंग ऐप पर मिले थे, न कि वैवाहिक ऐप पर और उनके बीच आदान-प्रदान किए गए टेक्स्ट संदेशों से यह नहीं पता चला कि उसने शादी का कोई प्रस्ताव रखा था। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि यह विवाद में नहीं है कि शिकायतकर्ता और याचिकाकर्ता एक डेटिंग ऐप हिंज पर मिले थे, न कि किसी वैवाहिक ऐप पर। उनके बीच कई व्हाट्सएप संदेशों का आदान-प्रदान हुआ है और किसी



भी संदेश में याचिकाकर्ता द्वारा शादी का कोई वादा प्रस्ताव नहीं है। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता ने अपने मुख्य परीक्षण में खुलासा किया था कि जब उसे पता चला कि याचिकाकर्ता ने उसकी शैक्षणिक योग्यता के बारे में झूठ बोला है तब भी वह चार दिनों तक एयरबीएनबी में उसके साथ रही और बार-बार यौन संबंध बनाए। अदालत ने कहा एफएसएल द्वारा याचिकाकर्ता के मोबाइल फोन से बरामद पीड़िता की अश्लील तस्वीरों और वीडियो के संबंध में पीड़िता ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है कि ऐसी तस्वीरें और वीडियो उसकी सहमति से ली गई थीं।

**टिप्पणी**

8 यह विवाद में नहीं है कि शिकायतकर्ता और याचिकाकर्ता एक डेटिंग ऐप हिंज पर मिले थे

## दिल्ली पुलिस ने हिजबुल का आतंकी किया अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी जावेद अहमद मट्टू को पकड़ा गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इसे गुरुवार को पकड़ा। बताया जा रहा है कि यह जम्मू-कश्मीर में कई हत्याओं में शामिल है। इसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस ने बताया कि इकबाल अहमद पाकिस्तान जा चुका है और आतंकी की ट्रेनिंग ले चुका है।

**बारामुला के सोपोर का रहने वाला है जावेद**: आतंकी जावेद अहमद मट्टू उत्तरी कश्मीर के बारामुला के सोपोर का रहने वाला है। उसने 2009 में आतंक का रास्ता चुन लिया था। वह आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ जुड़ा हुआ था। आतंकवादी जावेद की गिनती के हिजबुल के टॉप कमांडरों में होती है।

**शिकंजे में**

8 बताया जा रहा है कि यह जम्मू-कश्मीर में कई हत्याओं में शामिल है। 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है

## क्या तीसरी बार समन की अनदेखी के बाद सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करेगी ईडी?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने लगातार तीसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज कर दिया है। इसको लेकर देशभर में सियासत शुरू हो गई है। ईडी ने केजरीवाल को समन भेजकर बुधवार को कथित दिल्ली शराब घोटाले में जांच के लिए पेश होने को कहा था। इस मामले में गुरुवार को अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक दो महीने पहले मुझे बुला रहे हैं। भाजपा का मकसद जांच पूछताछ करना नहीं, मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने कहा कि ये राजनीतिक षड्यंत्र है। इसके तहत केजरीवाल को लोकसभा में प्रचार करने से रोकने की कोशिश की जा रही है। वहीं, भाजपा ने पलटवार किया है कि केजरीवाल जांच से भाग रहे हैं। ईडी दिल्ली शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। ईडी ने अरविंद केजरीवाल को समन भेजकर 2 जनवरी को जांच में शामिल होने के लिए केजरीवाल को




पेश होने को कहा था। हालांकि, अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। यह तीसरी बार है जब केजरीवाल ने ईडी के समन पर जांच में शामिल नहीं हुए। केजरीवाल को ईडी ने पहला समन पिछले साल अक्तूबर में जारी किया था, जिसमें उन्हें 2 नवंबर 2023 को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा गया था। दूसरा समन 18 दिसंबर 2023 को भेजा गया था, जिसमें उन्हें 21 दिसंबर 2023 को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा गया था। तीसरे समन में उन्हें बुधवार को पेश होने के लिए कहा गया था। इससे पहले इस मामले में सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अप्रैल 2023 में पूछताछ की थी। उस वक्त केजरीवाल को मामले में गवाह के तौर पर जांच के लिए बुलाया गया था। हालिया समन अब रद्द की जा चुकी दिल्ली की शराब नीति में मनी लांड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने भेजा था।

### एजेंसी का अगला कदम क्या हो सकता है?

**ईडी** के सामने केजरीवाल के पेश नहीं होने के कारण लोगों के मन में कई सवाल उठने लगे हैं कि एजेंसी अब क्या करेगी? दरअसल, धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 की धारा 50 ईडी को किसी भी व्यक्ति को समन जारी करने की शक्ति देती है। धारा 50 के तहत किसी भी व्यक्ति को समन जारी करने और दस्तावेजों के प्रस्तुत करने और बयान दर्ज करने की आवश्यकता होती है। दिल्ली शराब मामले में अगली कार्रवाई के लिए ईडी के सामने कई विकल्प हैं। एजेंसी चाहे तो केजरीवाल को जल्द एक नया समन जारी कर पूछताछ के लिए बुला सकती है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं जब लोगों ने अलग-अलग कारणों से ईडी के समन को नजरअंदाज किया है। इनमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार जैसे कई विपक्षी नेता भी शामिल हैं। सोरेन को रांची जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए ईडी सात बार समन भेज चुकी है लेकिन वह एक बार भी उपस्थित नहीं हुए है। इसके बजाय सीएम सोरेन ने समन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय और झारखंड उच्च न्यायालय का रुख किया लेकिन फैसला उनके खिलाफ आया।

**ईडी ने केजरीवाल को समन क्यों भेजा था?**
दरअसल, ईडी ने अपनी चार्जशीट में कई बार अरविंद केजरीवाल के नाम का जिक्र किया है। अदालत में दायर आरोप पत्र में ईडी ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 आप के शीर्ष नेताओं द्वारा बनाई गई थी, ताकि लगातार अवैध धन कमा कर और उसे अपने पास लाया जा सके। ईडी ने दावा किया कि यह नीति अवैध और आपराधिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए जानबूझकर कमियों के साथ बनाई गई थी। एजेंसी ने आरोप पत्र में आरोपियों के साथ सीएम के घर पर बैठक से लेकर वीडियो कॉल तक की घटनाओं का उल्लेख किया है।

**...तो केजरीवाल ईडी के सामने क्यों पेश नहीं हुए?**
ईडी के समन को नजरअंदाज करने से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी को एक जवाबी खत लिखा। इस पत्र में केजरीवाल ने कहा कि समन का नोटिस अवैध और राजनीति से प्रेरित है। सीएम केजरीवाल ने जांच एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होने के कारणों के रूप में राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस समारोह का भी हवाला दिया है।

# आईएमटी खरखौदा भी होगा गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित

**यूनो मिंडा लिमिटेड लगाएगी लगभग 1100 करोड़ रुपये का मेगा प्रोजेक्ट, आइओसीएल पानीपत के निकट पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए लगेगा केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट, मेसर्ज यू फ्लैक्स लिमिटेड करेगी लगभग 600 करोड़ रुपये का निवेश , आईएमटी रोहतक में मारुति सुजुकी 100 एकड़ में और बढ़ाएगी आर एंड डी गतिविधियां**

**निवेशक**

**8 विभिन्न प्रोत्साहनों व रियायतों के चलते देश-विदेश के निवेशक हरियाणा की ओर रुख कर रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों से हरियाणा निरंतर औद्योगिक विकास की ओर अग्रसर है। सरकार द्वारा निवेशकों को दिए जा रहे विभिन्न प्रोत्साहनों व रियायतों के चलते देश ‌‌व विदेश के निवेशक हरियाणा की ओर रुख कर रहे हैं। गुरुग्राम के बाद अब आईएमटी खरखौदा भी औद्योगिक विकास की दृष्टि से विकसित होने जा रहा है। खरखौदा में मारुति सुजुकी के मेगा प्लांट के बाद अब यूनो मिंडा लिमिटेड भी लगभग 1100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपना मेगा प्रोजेक्ट लगाएगी, जिससे इस क्षेत्र का और अधिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं हुई हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की 16 वीं बैठक के दौरान यूनो मिंडा लिमिटेड को मेगा प्रोजेक्ट के लिए लगभग 94.32 एकड़ भूमि आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, सुजुकी मोटरसाईकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भी आईएमटी खरखौदा में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ मेगा प्लांट लाने के लिए प्रस्ताव दिया है। बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे।

## एचएसआइआइडीसी का 28,950 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य

**बैठक** में बताया गया कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआइआइडीसी) द्वारा प्रदेशभर में हरियाणा उद्यम एवं प्रोत्साहन नीति, 2020 के तहत घोषित ब्लॉक-ए, बी, सी और डी में औद्योगिक विकास हेतु 28,950 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए समय-समय पर प्लॉट नीलामी के लिए विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं। निवेशक भी यहां निवेश करने के लिए उत्साह दिखा रहे हैं।

**आइओसीएल पानीपत के निकट पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए लगेगा केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट:** बैठक में जानकारी दी गई कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित हरियाणा उद्यम एवं प्रोत्साहन नीति, 2020 के तहत निवेशकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की क्लीयरेंस दी जा रही हैं, जिससे हर निवेशक का विश्वास हरियाणा के प्रति बढ़ा है। इसी कड़ी में आइओसीएल पानीपत के निकट पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट लगने जा रहा है। इसक लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआइआइडीसी) द्वारा यू फ्लैक्स लिमिटेड को आइओसीएल पानीपत रिफाइनरी के पास 14 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। कंपनी द्वारा प्रदेश में लगभग 600 करोड़ रुपये का निवेश होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। पानीपत में प्लांट स्थापित करने से कंपनी को जहां एक ओर कच्चे माल की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित होगी वहीं सरकार को भी राजस्व के नाते भी लाभ होगा।

**आईएमटी रोहतक में मारुति सुजुकी 100 एकड़ में और बढ़ाएगी आर एंड डी गतिविधियां:** बैठक में बताया गया कि आईएमटी रोहतक में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) को आवंटित 700 एकड़ भूमि में से 600 एकड़ में भूमि पर एमएसआईएल लगभग 3600 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) गतिविधियां पहले से ही संचालित कर रहा है।

# विज सहित हजारों भक्त अयोध्या यात्रा के लिए होंगे रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा एवं उद्घाटन के उपलक्ष्य पर अम्बाला छावनी में आगामी 14 जनवरी को भव्य श्रीराम यात्रा का आयोजन किया जाएगा। विज गुरुवार दोपहर अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में श्रीराम यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के 22 जनवरी को शुभारंभ एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद एसी स्पेशल ट्रेन ह्यअयोध्या यात्राह्न के लिए अम्बाला छावनी से अयोध्या के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन में अम्बाला छावनी से हजारों भक्त श्रीराम मंदिर दर्शनों के लिए इस ट्रेन में रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि स्पेशल ट्रेन चलाने को लेकर रेलवे के अधिकारियों से बातचीत की जा रही है और जल्द ही स्पेशल ट्रेन चलाने की तारीख तय की जाएगी। ट्रेन में पैंट्री एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि ट्रेन से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर रामलला के दर्शनों हेतु अम्बाला छावनी से अयोध्या के लिए रवाना होगी।

वहीं, उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को श्रीराम यात्रा प्रातः 11 बजे अंबाला के सुभाष पार्क से पैदल निकाली जाएगी जोकि अंबाला छावनी के सदर बाजार एवं अन्य क्षेत्रों से होती हुई वापस सुभाष पार्क में संपन्न होगी। यात्रा के दौरान पैदल चलते हुए भजनों पर रामलला का गुणगान करेंगे। यात्रा में बढ़चढ़ कर शामिल होने के लिए सभी वर्गों से आह्वान किया जाएगा। बैठक के दौरान श्रीराम यात्रा के आयोजन को लेकर जिम्मेवारियां सौंपी गई।

**न्यूज फ्लैश**

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य योजनाओं को गरीबों के घरों तक पहुंचाना'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जींद शहर के गोपाल विद्या मंदिर स्कूल पहुंची। इस अवसर पर जींद के विधायक डॉ. कृष्ण मिढ़ा बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए और ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। उन्होंने लोगों को भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचे। गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सन्देश भी सुनाया गया। डॉ मिढ़ा ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी ढंग से निभा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को लाभान्वित कर रही है। यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को गरीबों के घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भारत व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। कार्यक्रम में पहुंचने वाले आयुष्मान लाभार्थियों ने योजना को अपने जीवन के लिए एक तरह से वरदान बताया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को पशुओं में आने वाली बीमारियों से बचाव व उपचार तथा पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जहां एक तरफ महिलाओं को सही पोषण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद, कृषि विभाग, बागवानी विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपनी सेवाएं दी गई।उज्जवला योजना का लाभ लेने के लिए अनेक महिलाएं पहुंची, जिनके जरूरी दस्तावेज यहां पर पहुंची गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित लोगों को ह्यहमारा संकल्प-विकसित भारतह्न का संकल्प भी दिलाया गया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विधायक डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने कहा कि सभी विभाग अपनी योजनाओं का लाभ मौके पर ही देकर लाभार्थी को संतुष्ट करें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में भर रही है नया जोश: दुड़ाराम

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विधायक श्री दुड़ाराम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश भर में 30 नवंबर को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन - प्रतिदिन लाभार्थियों में नए उत्साह का संचार कर रही है। प्रदेशभर में हर दिन लाखों लोग यात्रा से जुड़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। परिणामस्वरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति के मामले में हरियाणा देशभर में पहले स्थान पर है। विधायक वीरवार को जिला फतेहाबाद के गांव बन मंदोरी एवं पीली मंदोरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक श्री दुड़ाराम ने कहा कि गांव बन मंदोरी में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 200 परिवारों को गैस कनेक्शन जारी किए गए है। इसी तरह से पीली मंदोरी, भट्टू कलां सहित हलका फतेहाबाद के सभी गांवों में हजारों नागरिकों ने सरकार की अनेक योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर अंत्योदय के सपने करने के साथ - साथ गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। श्री दुड़ाराम ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में हरियाणा प्रदेश आगे भी पहले पायदान पर बना रहे, इसके लिए अधिकारी लगातार कड़ी मेहनत और लगन से अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते रहें।

## 'यात्रा पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य कर रही'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बृहस्पतिवार को नारनौल जिला के गांव बवाना व डुलाना, अटेली खंड के मोहलड़ा व सलीमपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव नियामतपुर व मौरुंड तथा निजामपुर खंड के बामनवास व पवेरा गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई।गांव मोहलड़ा व सलीमपुर में अटेली विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विधायक सीताराम यादव ने गांव मोहलड़ा में संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। इस यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा कर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

## बड़े पैमाने पर आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए: संजीव कौशल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में 2 जनवरी तक 32 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी रही है। कौशल ने केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अतिरिक्त मुख्य सचिव सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायुक्तों के साथ सहयोग करें। उन्होंने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समय-सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों को



समय पर दिलाना सुनिश्चित करने के लिए बैंकरों के साथ नियमित बैठकें भी आयोजित की जाएं। कौशल ने इस यात्रा में एडीसी की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया, जिससे उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार बनाया गया है ताकि लाभार्थियों को इन योजनाओं के तहत ऋण और अन्य लाभों तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। कौशल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान कार्यक्रमों में 711,130 आयुष्मान भारत कार्ड तत्काल जारी करना व्यापक स्तर पर प्रभावशाली कार्य को दशार्ता है।

यात्रा में अबतक लगभग 600,000 लोगो की चिकित्सा जांच की गई जिसमें 400,000 टी बी रोगी और सिकल सेल के 21671 रोगी शामिल है। यात्रा के दौरान उल्लेखनीय विशिष्ठ उपलब्धियाँ आमजन तक पहुंचाने के साथ साथ विभिन्न स्वास्थ्य आवश्यकताए भी सभी नागरिकों को प्रदान की जा रही है । यह सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता हैं। उन्होंने कहा कि 2 जनवरी, 2024 तक कुल 102,553 उत्कृष्ट पुरस्कार हासिल करने वालो में 25590 महिलाएं , 38,295 अनुकरणीय छात्र और स्थानीय कलाकार 5,141 और 5,407 खिलाड़ी शामिल है।

## 'सरकार ने योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचना सुनिश्चित किया'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के विकास एवं पंचायत** मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा का टोहाना के गांव दिवाना, नाथूवाल, रत्ताथेह व गांव ढेर में पहुंचने पर स्वागत किया। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा पानी के करोड़ रुपये माफ करने के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियों से संवाद किया व नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी विभागों की योजनाओं को दशार्ती स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से रूबरू होते हुए विभागीय स्तर पर प्रदत्त सेवाओं को तत्परता से सरल तरीके से योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बबली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गारंटी है उसी तरह टोहाना में आपके भाई देवेंद्र सिंह बबली की विकास कार्यो की गारंटी है।

कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगा।

## बड़े बुजुर्गों के पदचिन्हों पर चलकर जीवन में सफलता पाएं: बबली

**चंडीगढ़:** टोहाना के महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरण किया एवं विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर बबली ने भारत की पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले को उनकी जयंती पर नमन किया।

## 'आत्मनिर्भर और विकसित देशों की सूची में शामिल होगा भारत'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित देशों की सूची में शामिल करने का संकल्प लिया है और प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने के प्रत्येक देशवासी का सहयोग जरूरी है। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा के दौरान कैथल के गांव फरियाबाद और सेरधा में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा का ग्रामीणों ने कार्यक्रम के दौरान जोरदार स्वागत किया। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ संबंधित लाभार्थियों तक पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शुरू किया गया है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस कार्यक्रम के साथ जन संवाद कार्यक्रम को समाहित किया है, जिससे मौके पर ही लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

राज्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और ग्रामीणों को कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। यात्रा के तहत गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निवारण करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गांव में कमलेश और शीला को मुफ्त गैस कनेक्शन के साथ गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा भी दिया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि आज इसी संकल्प को पूरा करने के लिए ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा देश के करोड़ों लोगों को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब गरीब और वंचित भी विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। देश की मोदी और प्रदेश की मनोहर सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि, उज्ज्वला योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से देश-प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है।

## 'राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को जीरो टोलरेंस जोन बनाया जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को जीरो टोलरेंस जोन बनाया जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इन मार्गों पर सभी अवैध कटों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए ताकि दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जिन ढाबों और पैट्रोल पंपों के सामने अवैध कट बनाए गए हैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। मूलचंद शर्मा आज यहां आयोजित राज्य सडक सुरक्षा परिषद की बैठक की



अध्यक्षता कर रहे थे। मूल चंद शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सडकों पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाना है। दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर अधिक से अधिक पैट्रोलिंग वाहन सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटना संभावित बिन्दुओं, स्पीड ब्रेकर, साईन बोर्ड, रोड़ मार्किंग, कैटआईज और ब्लैक स्पोट इत्यादि बिदुओं पर कार्य तुरंत पूरे किए जाएं। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गत माह जिन स्थानों पर सडक दुर्घटना की वजह से लोगों की जान गई है, वहां बिना नए टेंडर जारी किए, पिछले जारी किए गए टेंडर के आधार पर शीघ्र साईन बोर्ड, रोड़ मार्किंग और ब्लैक स्पोट इत्यादि बिदुओं पर तुरंत कार्य पूरा किया जाए। परिवहन मंत्री ने कहा कि वर्तमान में धुंध का समय है। ऐसे में सडकों पर सुरक्षा के दृष्टिगत प्राथमिकता से कार्य करते हुए सडकों पर मार्किंग और ट्रैक्टर ट्राली, परिवहन की बसों के साथ-साथ स्कूल बसों आदि वाहनों पर रिफ्लेक्टर और रिफ्लेक्टिव टेप सम्बन्धित विभाग तत्काल लगाएं।

# गर्मजोशी से हो रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा यानी (मोदी की गारंटी की गाड़ी) का कड़कड़ाती ठंड के बीच हरियाणा के लोग गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं। यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार लोगों की न सिर्फ भावनाओं का सम्मान कर रही है, बल्कि उनकी समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान करा रही है। लोगों को केंद्र व हरियाणा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के तरीके भी बताए जा रहे हैं। यहीं नहीं यात्रा के दौरान सांसद, विधायक और अधिकारी लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का आकलन करते हैं और निदान की



रूपरेखा भी तैयार करते हैं। यही बात लोगों को खूब भा रही हैं। यही वजह कि लोग यात्रा को लेकर खासे उत्साहित हैं और दिन-प्रतिदिन उनकी भागीदारी बढ़ती जा रही है। 35 दिन में यात्रा में 3 लाख 33 हजार 642 लोग अपनी भागीदारी कर चुके हैं।

**नारी को मिल रहा है सम्मान:** विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों-गांवों में पहुंच रही है। इस दौरान नारी सशक्तिकरण को पूरी तरजीह दी रही है। समाज में सराहनीय काम करने वाली महिलाओं को मौके पर ही सम्मान मिल रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली 26217 महिलाओं को पुरस्कृत किया जा चुका है। इसी तरह से 39255 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है। इसके साथ-साथ 5580 खिलाड़ियों को भी इनाम मिल चुका है।

**स्वास्थ्य कैंपों का लोगों को मिल रहा है लाभ:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान न सिर्फ हरियाणा वासियों को केंद्र व प्रदेश की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिले, बल्कि हर पात्र तक योजनाओं का लाभ भी पहुंचे। मौके पर लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी हो, इसी को ध्यान में रखकर यात्रा के बीच कार्यक्रम स्थलों पर स्टाल लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी प्रदेश की निरोगी हरियाणा,आयुष्मान भारत, चिरायु हरियाणा, टीबी मुक्त भारत योजना की जानकारी देने के साथ-साथ कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। इन कैंपों में अब तक 43738 लोग स्वास्थ्य की जांच करा चुके हैं। उन्हें मुफ्त दवाइयां भी मौके पर उपलब्ध कराई गई।

**उज्जवला योजना के पात्र हो रहे हैं लाभान्वित:** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मौके पर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थलों पर उज्जवला योजना के 8019 पात्रों को कार्ड बांटे गए। पात्रों का योजना का लाभ मिल रहा है। इसी तरह से आयुष्मान योजना के 11673 पात्रों को कार्ड उपलब्ध कराए गए। मौके पर कार्ड मिलने

# सड़कों का जाल बिछाकर शहरों के साथ-साथ गांवों का हो रहा विकास: देवेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
- हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने टोहाना में लगभग 149 करोड़ की लागत से बनने वाले एनएच-148 बी सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर लोगों का आवागमन सुगम बनाने और ट्रैफिक के निर्बाध गति से आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन जारी है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाकर शहरों और गांवों का चहुँमुखी विकास करवाया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने स्वयं जेसीबी चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क मार्ग को सात मीटर से दस मीटर चौड़ा किया जाएगा। सुरेवाला चौक से टोहाना शहर के बीच से गुजरकर पंजाब बॉर्डर तक जाने वाले इस सडक मार्ग में शहर के बीच में डिवाइडर बनाकर इसे आकर्षक रूप दिया जाएगा। इसके अलावा विकास एवं पंचायत मंत्री ने गांव डांगरा, ललोदा, ढाणी भोजराज में भी विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। पंचायत मंत्री ने कहा कि टोहाना क्षेत्र विकास के मामले में अग्रणी है। क्षेत्र में करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट है, जिन पर या तो काम पूरा हो चुका है या कार्य अभी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि टोहाना की 30 साल पुरानी मांगे 100 बेड का हॉस्पिटल, आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण कार्य शुरू हो चुके है। 15 साल पुरानी टोहाना की बहुप्रतीक्षित मांग के एनएच-148 बी के निर्माण कार्य होने के बाद लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही रसूलपुर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि टोहाना-कुलां- रतिया रोड़ पर 80 करोड़ खर्च करके इसे चौड़ा किया जाएगा। जमालपुर में रेलवे लाइन पर 36 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर बनाया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक में घुसी दो बाइकें

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** नेशनल हाईवे-44 पर घने कोहरे के कारण बसताड़ा टोल प्लाजा के नजदीक बड़ा हादसा हो गया। हाईवे पर खराब हालत में खड़े ट्रक से दो बाइकें टकरा गईं। हादसे में चार युवक घायल हुए हैं, जिसमें से एक युवक की हालत गंभीर है। उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। अभी तक घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे की सूचना के बाद इआरवी-.415 मौके पर पहुंच गई। हाईवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हुई तो पुलिस ने स्थिति को संभाला। क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

आज करनाल में सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। बसताड़ा फ्लाईओवर से नीचे और टोल से करीब 150 मीटर पहले एक ट्रक थर्ड लेन में खड़ा था। ट्रक का अगला टायर फटने के चलते उसे खड़ा किया गया था। दोपहर को दो बाइक सवार चार लोग घरौंडा से करनाल की तरफ जा रहे थे।

विजिबिलिटी कम होने के चलते दोनों बाइकें ट्रक के पीछे जा घुसी।

हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइकों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बाइक चालक को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। घटना की सूचना डायल 112 को दी। इसके बाद इआरवी-415 मौके पर पहुंच गई।

इआरवी इंचार्ज बलराज गोस्वामी ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो बाइक सवार घायल थे। एक बाइक सवार की हालत काफी गंभीर थी, जिसको कोई भी नहीं उठा रहा था। तभी पीछे से एक पंजाब नंबर की एंबुलेंस आ रही थी। इसके बाद एंबुलेंस को रोका गया और उसको एम्बुलेंस से करनाल के अस्पताल में भेजा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने इआरवी इंचार्ज को बताया था कि जब हादसा हुआ तो उस दौरान पीछे से एक रोडवेज बस भी आ रही थी। रोडवेज बस चालक ने बड़ी मुश्किल से बस को संभाला, अन्यथा रोडवेज बस भी ट्रक में टकरा जाती और बाइक सवारों की मौत हो सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था।

बलराज गोस्वामी ने बताया कि हादसे के कारण सडक पर जाम की स्थित उत्पन्न हो गई थी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे थे और रास्ते को बहाल करवाया। घायलों के नाम अभी नहीं पता चल पाए है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अस्पताल में जाकर घायलों से पूछताछ करेगी और उनके बयानों के आधार पर आगामी कार्रवाई करेगी।

### शेखपुरा खालसा और शाहजहानपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। घरौंडा** हलका के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि दुनिया की नजरें आज भारत पर टिकी हैं। आयुर्वेद का प्रसार बढ़ रहा है। विश्व के अन्य देशों में योग दिवस का आयोजन किया जाने लगा है। लोगों का रुझान मोटे अनाज की तरफ बढ़ा है। पिछले दिनों भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन में मेहमानों को प्राचीन संस्कृति से जुड़ा देसी खाना परोसा गया। यह बड़ा बदलाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत की साख को बढ़ाया है। हरविंद्र कल्याण आज गांव शेखपुरा खालसा और शाहजहानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। शेखपुरा खालसा में सरपंच हंसवीर ने और शाहजहानपुर में सरपंच शिवम कुमार ने विधायक का स्वागत किया। दोनों गांवों में विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। शेखपुरा खालसा में समाजसेवी सुदर्शन और शाहजहानपुर रामकुमार पालीवाल ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

उन्होंने बताया कि यात्रा अब तक 55 गांव को कवर कर चुकी है। मौके पर ही अनेक लोगों की बुढ़ापा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड आदि बनाए गए हैं। सरकार भ्रष्टाचार पर लगातार चोट कर रही है। सेवाओं को ऑनलाइन किए जाने से मनमानी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। हर गांव में सीएससी बनाया गया है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति सीएससी पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। विधायक ने बताया कि रेलवे से जमीन लेकर रास्ते का निर्माण कराए जाने से 15 गांव के लोगों को फायदा पहुंचा है। घरौंडा को उपमंडल का दर्जा दिलाया गया है। पांच नए अस्पताल, आईटीआई, गर्ल्स कॉलेज, 7 पावर हाउस के अलावा 70 नई सडकों और 40 पुलों का निर्माण कराया गया है।

# 2024 के चुनाव मे केंद्र व प्रदेश में बनेगी भाजपा सरकार : योगेंद्र

## योगेंद्र राणा बने पुन: जिलाध्यक्ष, शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा** शीर्ष नेतृत्व द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की संगठन के प्रति कार्यकुशलता पर विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः जिलाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई ।

जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने अपनी इस नियुक्ति पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी विप्लव देव, प्रदेश संगठन मंत्री फणीश्वरनाथ शर्मा, सांसद संजय भाटिया सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद एवं आभार वयक्त करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष की पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वह सभी कार्यकताओं के सहयोग से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भारी बहुमत से विजय प्राप्त करेगी।

आगामी चुनाव से पहले हरियाणा भाजपा ने बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह ने सैनी प्रदेश पदाधिकारी एवं सभी 22 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। नवनियुक्त पदाधिकारियों की जारी सूची में 7 प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्षों में स्वर्गीय भाजपा सांसद रतन लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया का भी नाम शामिल है। इसके अलावा हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार का भी नाम शामिल है।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा भाजपा ने संगठन में बड़ा बदलाव किया है। प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने दो नए महामंत्री की नियुक्ति की है। सुरेंद्र पुनिया और अर्चना गुप्ता को महामंत्री बनाया गया है।

### बीजेपी नेता के घर ईडी का छापा घर के अंदर और बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल के** सेक्टर 13 स्थित भाजपा नेता एवं मेयर प्रत्याशियों में प्रबल दावेदार मनोज वधवा के घर पर इडी का छापा पड़ा है। इडी के छापे से पूरे शहर में खलबली सी मच गई है। इडी के छापे रेड के दौरान न तो किसी की घर में एंट्री हो रही है और न ही कोई घर का सदस्य बाहर आ पा रहा है। बताया जा रहा कि सुबह 6 बजे ही इडी के अधिकारियों ने मनोज वधवा के घर दस्तक दी। टीम द्वारा घर के अंदर दस्तावेजों और रिकॉर्ड व अन्य स्थानों को खंगाला जा रहा है। मनोज वधवा का यमुनानगर में माइनिंग का कारोबार है। मेयर चुनाव में मनोज वधवा एक बड़ा चेहरा रहे है। उन्होंने पहले भी चुनाव लड़े हैं और अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर दी है। वर्ष 2019 में मनोज वधवा ने अपनी पत्नी आशा वधवा को मेयर प्रत्याशी के रूप में उतारा था। वर्ष 2014 में मनोज वधवा ने स्वयं इनेलो की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन अब मनोज वधवा भाजपा में है और आने वाले मेयर चुनावों की तैयारी कर रहे हैं। वहीं अगर हम बात करें तो मनोज वाधवा एक बिजनेसमैन भी हैं और माइनिंग का काम भी करते हैं। बीते दिनों मनोज वधवा ने शहर में होर्डिंग लगाकर चुनावी माहौल गर्म कर दिया था। माना जा रहा है कि इन बोर्ड के माध्यम से मनोज वधवा अपने लिए चुनावी पृष्ठभूमि तैयार कर रहे थे और मेयर की टिकट के लिए दावेदारी भी पेश करते नजर आ रहे थे, क्योंकि इससे पहले करनाल में मनोज वधवा का कोई भी होर्डिंग नजर नहीं आता था।

## कोहरे के कारण आपस में भिड़ी दो कारें एक की मौत, तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले के** गांव कतलेहड़ी के पास घने कोहरे के कारण दो गाडिां की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 3 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों का इलाज कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव जुंडला निवासी 42 वर्षीय मेजर सिंह वडैच के परिजन संता सिंह ने बताया कि डॉक्टर राजेश जो मूल रूप से गांव बंबरेहडी का रहने वाला है और करनाल में रहता है। कल शाम करीब 6 बजे गांव में आया था। इसके बाद उसने मेजर सिंह को गांव चलने को कहा। वहां पर कुछ काम है आते समय तुम्हें गांव छोड़ दूंगा।

संता सिंह ने बताया कि बुधवार शाम को घना कोहरा छाया था। देर रात करीब साढ़े 9 डॉक्टर राजेश व मेजर सिंह गाड़ी में सवार होकर गांव बंबरेहड़ी से करनाल वापस आ रहे थे। कोहरा बहुत ज्यादा था। आगे कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। गाड़ी को राजेश चल रहा था। जैसे ही वह गांव कतलेहडी के पास पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी कार से भिड़ंत हो गई। दोनों कारों में सवार चार लोगों को गंभीर चोट आईं।

संता सिंह ने बताया कि हादसा होते देख राहगीरों ने पुलिस व एंबुलेंस को फोन किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को करनाल के अस्पताल में लेकर पहुंची। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मेजर सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य 3 लोग यानी डॉक्टर राजेश व दूसरी गाड़ी में सवार दो लोगों का इलाज शुरू कर दिया। डॉक्टर राजेश व दूसरे गाड़ी चालक की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। सदर थाना के प्रभारी अजयैब सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया है।

### 'मोदी की गांरटी वाली गाड़ी की गारंटी है'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मल बैरागी ने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी की गारंटी है कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत लोगों को मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हर आदमी को योजनाओं के बारे में जागरूक करके योग्य पात्रों को इन योजनाओं का लाभ दिलवाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। चेयरपर्सन वीरवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव बुढपुर व रूक्कनपुर के कार्यक्रम में लोगो को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाडी प्रदेश के हर गांव व वार्ड में जा रही है।

## सशक्त महिलाओं के सम्मान से किया नववर्ष का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नारी** शक्ति की प्रेरणा एवं देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा वूमेन ऑफ इंस्पिरेशन अवार्ड समारोह का आयोजन मानव सेवा संघ में नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें फिल्म अभिनेता राणा जंग बहादुर एंव मिसेज यूनिवर्स अनुपमा शर्मा ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। मुख्यमंत्री हरियाणा के प्रतिनिधि संजय बठला, समाजसेवी पंकज गर्ग व प्रेम छाबड़ा, समाजसेविका डॉ. निशा गुप्ता एंव समाजसेवी गुरजीत सिंह ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणजोध सिंह, राष्ट्रीय मुख्य निदेशक विशाल काठ एंव राष्ट्रीय



महासचिव पवन शर्मा ने की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही 100 सशक्त महिलाओं को सावित्री बाई फुले को समर्पित वुमेन ऑफ इंस्पिरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिनमें मेघा भंडारी, रजनी परोचा, कृष्णा गुप्ता, सावी चौधरी, पायल मित्तल, अनीता भारद्वाज, नमना अहलावत, फिरदौस अली, गुंजन भटनागर, शैलजा गुप्ता, डॉ. अनुराधा नागिआ, ऋतू चौधरी, हरप्रीत देओल, अनीता राही, डॉ निधि वत्स, नीतू सिंह, रीता मदान, मिनाक्षी गाँधी, कविता मल्होत्रा, डॉ हर्ष सेठी, ईशा चौधरी, डॉ गुरप्रीत कौर, साहिब कौर, नीना शर्मा, चरणजीत कौर, रेखा, सपना, शीनू गोयल, डॉ स्वर्णलता काठपाल आदि शामिल रहे।

## गैर कानूनी तरीके से नशे की दवाइयां बेचने वालों पर कार्रवाई करें : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल**

**जिला** में नशा से संबंधित कारोबार करने वालों के खिलाफ प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज लघु सचिवालय में नार्को कोआर्डिनेशन व चिन्हित अपराध के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में दिए।



डीसी ने कहा कि दवाइयों की दुकान पर लगातार छापेमारी की जाए। कहीं भी गैर कानूनी तरीके से नशे की दवाइयां बेचने की सूचना मिले तो तुरंत प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला में नशा छुड़वाने के लिए जिला बाल कल्याण परिषद व सरकारी अस्पताल में दो नशा मुक्ति केंद्र चलाए जा रहे हैं। इन दोनों ही जगह पर सरकार की ओर से सभी प्रकार की सुविधाएं मुफ्त दी जाती है। इसमें कोई भी नशे से पीड़ित नागरिक दाखिला ले सकता है।

इसके अलावा चिन्हित अपराधों की बैठक लेते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधों के मामले में केस की अच्छी तरह से स्टडी करके बेहतर तरीके से कोर्ट में पैरवी की जाए। ऐसे मामलों में जल्द से जल्द न्याय दिलाने के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने जिला न्यायवादी को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की पूरी मजबूती के साथ कोर्ट में पैरवी की जाए। किसी भी केस में साक्ष्यों का अभाव और कमजोर पैरवी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार के मामलों में साक्ष्यों के बचाव और उनकी सुरक्षा तथा कानूनी पहलुओं द्वारा मजबूत पैरवी सम्बंधित अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, जेल अधीक्षक संजय, जेल उप अधीक्षक सरवर सिंह, जिला वन अधिकारी रोहतास, जिला न्यायवादी रमणीक यादव, पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, स्वास्थ्य विभाग से उप सिविल सर्जन डॉ अनिल यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, ड्रग्स कंट्रोल ऑफिस से सहायक सुशील कुमार, कृषि विभाग से एडीओ रविंद्र यादव, नशा मुक्ति केंद्र से प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोहताश सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मोहाली में तैयार किया गया नब्बे मिनट में जायदाद रजिस्ट्री देने वाला पायलट प्रोजेक्ट

**(मोहाली)/चंडीगढ़**

पंजाब सरकार द्वारा मोहाली के सब रजिस्ट्रार दफ्तर को अति-आधुनिक बनाया जा रहा है। इस दफ्तर में रजिस्ट्री करवाने वालों को एक ही छत के नीचे एक ही दिन में सभी सेवाएं मिलेंगी, और 90 मिनटों के अंदर जायदाद खरीदने वाले को रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया मुकम्मल होने पर रजिस्ट्री की कॉपी मिलेगी। । मुख्यमंत्री भगवंत मान के निदेशों पर बन रहे पंजाब के पहले अति-आधुनिक सब रजिस्ट्रार दफ्तर के कार्य की समीक्षा करने के लिए मुख्य सचिव अनुराग वर्मा द्वारा गुरुवार को दौरा किया गया। उन्होंने जिला प्रशासनिक कॉम्पलैक्स मोहाली में अलग-अलग दफ्तरों जैसे कि तहसील दफ्तर, फर्द केंद्र, आर.टी.ए. आदि का औचक दौरा कर वहाँ मौजूद लोगों के साथ सीधी बातचीत करके फीडबैक लिया।

## नौकर निकला लूट की साजिश का मास्टरमाइंड, कई बार स्पेयर-पार्ट चोरी में फंसा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**नेशनल हाईवे** स्थित नीलकंठ स्टार ढाब्रे के सामने से कारोबारी संजय गाबा को गोली मारकर कैश व गाड़ी लूटने की मामले में नौकर ही मास्टर माइंड निकला। उसने अपने ही गांव के दो अन्य बदमाशों के साथ मिलकर पूरी प्लानिंग के तहत वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने इस गुत्थी को 8 घंटों में सुलझा लिया और आरोपी नौकर अमित को गिरफ्तार कर लिया। अन्य दो आरोपियों व गाड़ी को बरामद करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

स्थानीय चौधरी कॉलोनी निवासी कारोबारी संजय गाबा के भाई सुनील गाबा ने बताया कि बस स्टैंड के सामने उनकी कार स्पेयर पार्ट की दुकान है। उनकी दुकान पर काम के दौरान आरोपी अमित दुकान के स्पेयर पार्ट चोरी करके बेच देता था। वह कई बार पकड़ा भी गया, लेकिन हर बार संजय के सामने गिड़गिड़ाने लगता था और कहता था-साहब, मैं गरीब हूं और नौकरी से घर चला रहा हूं।

उन्होंने बताया कि संजय को भी तरस आ जाता था और वह अमित को अपने पास ही रख लेता था। वह अमित को बार-बार समझाता था कि चोरी करना गलत है। संजय गाबा ने उसे बार-बार मौका दिया, लेकिन संजय को कभी ऐसा नहीं लगा था कि छोटी मोटी चोरी करने वाला अमित उसको मौत के कुएं में धकेल सकता है।

> **शिकंजे में**
>
> 8 वह अमित को बार-बार समझाता था कि चोरी करना गलत है। संजय गाबा ने उसे बार-बार मौका दिया

सुनील ने बताया कि गांव धोलगढ़ का अमित करीब ढाई साल से उनकी दुकान पर हेल्पर की नौकरी कर रहा था और संजय हर सप्ताह सामान लाने के लिए गाड़ी में अमित को भी दिल्ली अपने साथ लेकर जाया करता था। अमित यह बात बखूबी जानता था कि संजय लाखों रुपए कैश लेकर सामान लेने के लिए जाता है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि अमित जल्द अमीर बनना चाहता था। उसने बड़ी लूट की वारदात की प्लानिंग की और आस्तीन के सांप ने अपने ही मालिक का डसना चाहा। अमित को पता था कि बुधवार को वह संजय के साथ स्पेयर पार्ट लाने के लिए दिल्ली जाने वाला है, जिसके बाद उसने अपने ही गांव के दो युवकों को अपनी योजना में शामिल किया। सब कुछ सेट हो चुका था कि कहां पर दोनों को खड़ा होना है और लिफ्ट के लिए हाथ देना है और कैसे गाड़ी रूकेगी।

इस वारदात को अंजाम देने के लिए अमित कई दिन पहले ही अपने अन्य दो साथियों के साथ प्लानिंग कर चुका था। बुधवार को अमित की प्लानिंग के अनुसार दोनों युवक आइटीआई चौक पर खड़े हो चुके थे और संजय की गाड़ी का इंतजार कर रहे थे।

सुबह करीब सवा सात बजे संजय अपने नौकर अमित के साथ चौधरी कॉलोनी से निकला। टाटा जस्ट गाड़ी के बोनट में ही सवा दो लाख रुपए कैश रखा हुआ था। अमित को मालूम था कि गाड़ी में कैश है। दोनों युवकों ने प्लानिंग के अनुसार आइटीआई चौक पर संजय की गाड़ी को लिफ्ट के लिए रोका। संजय ने सवारी समझ कर गाड़ी रोकी और दिल्ली के लिए दोनों को गाड़ी में बैठा लिया, लेकिन शायद संजय नहीं जानता था कि जिन युवकों को शरीफ समझकर बैठाया है, असल में वे अमित की प्लानिंग का हिस्सा थे।

इस दौरान संजय गाड़ी चला रहा था और अमित साथ वाली सीट पर बैठा था। एनएच-44 पर टाटा जस्ट गाड़ी सरपट दौड़ रही थी।

## निष्क्रिय जेजेपी जिला इकाई के कारण जनाधार रहा है बिखर

### जिलास्तरीय पदाधिकारी नहीं समझ पा रहे जनता का मिजाज, सिर्फ झंडे का किया जा रहा है प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल** ।जेजेपी गठन के समय पार्टी जिला महेन्द्रगढ़ में अच्छे खासे जनाधार के साथ दूसरे नंबर पर आंकी गई थी। गत विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी उम्मीदवारों को नारनौल ओर नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र से अच्छे मत मिले थे। बेशक दोनों ही स्थानों पर पार्टी प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा था , लेकिन मत प्रतिशत के लिहाज से जेजेपी को सफलता प्राप्त हुई ।पार्टी दस सीटों के दम पर सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने में कामयाब रही।सत्ता में भागीदारी के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि अब जेजेपी अपने झुंझरू ओर कर्मठ कार्यकताओं के दम पर वो मुकाम हासिल करने में कामयाब रहेगी , जिसकी अपेक्षा पार्टी हाई कमान को है , लेकिन सत्ता हासिल करने के बाद कुछ दिन सब ठीक ठाक रहा ।वहीं हालिया जिला इकाई में नेतृत्व परिवर्तन होते ही इस झुंझारू पार्टी के कर्मठ कार्यकताओं में मायूसी छा गई और कल तक जो कार्यकर्ता जिस जोश खरोश से पार्टी समर्पित नारे लगा जिलाभर में पार्टी की आवाज बनता था , वही आज खामोशी के आगोश में समाता जा रहा है। इस खामोशी का मूल कारण है कि जब से जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया है तभी से पुराने निष्ठावान समझे जाने वाले कार्यकताओं को उपेक्षित सा रखा गया और इसी उपेक्षा के कारण पार्टी के लिए जी जान लुटने वाला कार्यकर्ता ना चाहते हुए भी पार्टी गतिविधियों से किनारा करने लगा है ।ऐसा नहीं है कि तमाम हालातों से जिला प्रधान या अन्य पार्टी पदाधिकारी वाकिफ नहीं है , मालूम सभी को है , लेकिन सब को अपने पद प्रतिष्ठा की चिंता तो है , वहीं पार्टी की गतिविधियों के सुचारू संचालन के प्रति गंभीरता किसी में नजर नहीं आती ।हालांकि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और खुद डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जिला महेन्द्रगढ़ की जनता से सीधा संवाद अभी भी कायम है और यही कारण है कि पार्टी का बचा खुचा जनाधार जिलास्तरीय नेताओं की उपेक्षा के बाद भी जस का तस बरकरार है। जिलास्तरीय पदाधिकारियों की कार्यशैली पर नजर दौड़ाई जाए तो साफ होता है कि ये कथित नेता अपने पद के लिए सिर्फ जोड़तोड़ की राजनीति को ही महत्व देने में विश्वास रखते हैं, इन नेताओं को पार्टी की नीतियों के प्रचार प्रसार से कहीं कोई लेना देना नहीं रहता ।अधिकांश नेताओं को तो अखबार का छपास रोग लग चुका है। बस अखबारों की सुर्खियों में बने रहने के लिए ये लोग डिप्टी सीएम के फोटो का खुलेआम इस्तेमाल करने से भी नहीं हिचकिचाते । अब जिला के बड़े पदाधिकारी से लेकर एक अदना सा कार्यकर्ता भी अपने आप को भविष्य का नेता समझ टिकट की चाहत पाल चुका है।

> **जमीनी हकीकत**
>
> 8 पार्टी प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा था , लेकिन मत प्रतिशत के लिहाज से जेजेपी को सफलता प्राप्त हुई

## ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश 09 जनवरी, को खुलेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा।** वैश्विक स्तर पर धातु काटने वाले कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल ("सीएनसी") मशीनों की अग्रणी विनिमार्ताओं में से एक ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड ("कंपनी") ने मंगलवार, 09 जनवरी, 2024 को इक्विटी शेयरों ("इशू") की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश पेश करने का प्रस्ताव किया है। बाजार हिस्सेदारी के लिहाज से वित्त वर्ष 2023 में कंपनी की भारत में तीसरी सबसे बड़ी और कैलेंडर वर्ष 2022 में विश्व स्तर पर बारहवीं सबसे बड़ी रही (स्रोत: एफ एंड एस रिपोर्ट)। एंकर निवेशक के बोली लगाने की तारीख, बोली/इशू खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले, यानी




सोमवार, 08 जनवरी, 2024 है और यह बोली/इशू गुरुवार, 11 जनवरी, 2024 को बंद होगी। इस पेशकश के लिए मूल्य दायरा 315 प्रति इक्विटी शेयर से 331 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 45 इक्विटी शेयर के लिए और उसके बाद 45 इक्विटी शेयर के गुणकों में लगाई जा सकती है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में 10,000 .00 मिलियन का फ्रेश इशू शामिल है।कंपनी ने इस इशू द्वारा जुटाई गई राशि का उपयोग कुछ ऋण के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान और/या पूर्व-भुगतान, कंपनी की दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी की जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव किया है। यह इशू सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 31 के साथ संलग्न एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) के अनुसार और सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 6(2) के अनुसार, बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के जरिये बनाया जा रहा है।

## संपादकीय

# गुणवत्ता मानकों पर कफ सीरप सैंपल्स की विफलता

**देश** की 54 दवा निर्माता कंपनियों के कफ सीरप के 128 सैंपल्स का गुणवत्ता के मामलों में खरा नहीं उतरना चिंता का विषय होने के साथ जघन्य अपराध से कम नहीं आका जाना चाहिए। मामला सीधे स्वास्थ्य से जुड़ा होने के साथ देश की अस्मिता को भी प्रभावित करने वाला है। दरअसल भारतीय दवा निमार्ता कंपनियों द्वारा निर्यात किए जाने वाले कफ सीरप की गुणवत्ता को लेकर गाम्बिया में 70 बच्चों और उज्बेकिस्तान के 18 बच्चों के कफ सीरप के कारण किडनी पर गंभीर असर होने से मौत होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुद्दा गंभीरता से उठ गया और ऐसे हालात में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गंभीर चिंता जताने में कोई देरी नहीं की। लाख सफाई देने के बावजूद इससे ना केवल देश की प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ा है अपितु भारत के दवा उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा होना पड़ा है। हालांकि इस घटना के बाद भारत सरकार ने 1 जून, 2023 से ही देश से बाहर निर्यात होने वाले कफ सीरप की गुणवत्ता व मानकों पर खरा होने का सरकारी प्रयोगशाला से परीक्षण कराकर विश्लेषण प्रमाणपत्र प्राप्त करना जरूरी कर दिया है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय दवा उद्योग का दबदबा होने के साथ वैक्सीन निर्माण, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर उपलब्ध होना बड़ी उपलब्धि रही है। हमारे देश में बनी जेनेरिक दवाओं की तो अमेरिका सहित दुनिया के देशों में जबरदस्त मांग है। देखा जाये तो भारतीय दवा उद्योग की विश्वव्यापी पहचान और धाक है। कोरोना का उदाहरण हमारे सामने है जब अमेरिका द्वारा मलेरिया की दवा प्राप्त करने के लिए भारत पर दबाव बनाया गया, वहीं दुनिया के देशों को सर्वाधिक कोरोना वैक्सीन उपलब्ध कराने में भारत की भूमिका को समूचे विश्व द्वारा सराहा गया। ऐसे में कफ सीरप की गुणवत्ता को लेकर उठाया गया प्रश्न ना केवल चिंता का विषय है अपितु विश्वसनीयता को भी प्रभावित करता है। दवाओं के निर्यात में भारत की भूमिका को इसी से देखा जा सकता है कि भारत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 17.6 बिलियन डॉलर के केवल कफ सीरप का निर्यात किया गया। दुनिया के देशों की टीकों की मांग की 50 प्रतिशत आपूर्ति हमारे देश द्वारा की जा रही है। अमेरिका में जेनेरिक दवाओं की 50 प्रतिशत मांग को हमारे यहां से किया जा रहा है। इंग्लैण्ड में दवाओं की मांग की 25 प्रतिशत पूर्ति भारत द्वारा की जा रही है। समूचे विश्व में भारतीय दवाओं की मांग है। इसका एक कारण गुणवत्ता है तो दूसरी ओर तुलनात्मक रूप से सस्ती होना भी है। ऐसे में कफ सीरप के कुछ सैंपल का गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरने की रिपोर्ट पर भारत सरकार गंभीर हो गई। सवाल यह उठता है कि ऐसे हालात ही क्यों आए? आखिर निर्यात करने वाली दवा कंपनियों का भी दायित्व होता है। जब कोई वस्तु निर्यात की जाती है तो उसके गुणवत्ता मानकों पर खरा होना भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। वैसे भी दवा जीवनरक्षक होती है अगर यह जीवन लेने का कारण बन जाए तो यह गंभीर अपराध हो जाता है। कोई दो राय नहीं कि भारत सरकार गुणवत्ता को लेकर और अधिक गंभीर हो गई है पर सैंपल जांच के जो परिणाम प्राप्त हुए हैं यह अपने आप में गंभीर है। प्राप्त सरकारी आंकड़ों के अनुसार केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन संस्थान द्वारा विभिन्न कंपनियों के कफ सीरप के सैंपल्स का परीक्षण किया गया, इनमें से 54 कंपनियों के 128 सैंपल्स गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे।

# डीपफेक के लगातार बढ़ते खतरे



रोहित माहेश्वरी

> यह भी गंभीरता से सोचने लायक है कि कैसे सत्ता के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली खोजी पत्रकारिता के खिलाफ आसानी से संदेह पैदा किया जा सकता है क्योंकि पत्रकारों के ऑडियो या वीडियो साक्ष्य को डीपफेक करार दिया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह सब मिलकर चुनावों में हेरफेर से नुकसान पहुंचाएगा, सामाजिक विभाजन बढ़ाएगा और संस्थानों पर भरोसे को बट्टा लगाएगा। एक संभावित जोखिम यह भी है कि पर्याप्त फंडिंग और मोबलाइजेशन के साथ कई प्रतिकूल ताकतों द्वारा सिंथेटिक कंटेंट का पूरा खजाना तैयार किया जाएगा, जो पूरी तरह से वैकल्पिक वास्तविकता को सामने लाने के लिए डीपफेक की एक सीरीज का निर्माण करेगा। इतनी बड़ी चुनौती पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या रही है?

**डीपफेक** दुनिया भर में एक बढ़ती हुई समस्या बन गई है क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति अब इंटरनेट पर यूजर के लिए आसानी से उपलब्ध है। दुनिया के कई दूसरे देशों की ही तरह भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ प्रसिद्ध व्यक्तियों के डीपफेक वीडियो ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के दुरुपयोग पर चिंता जताई है। कुछ समय पूर्व एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था और उसके तुरंत बाद कैटरीना कैफ की एक डीपफेक तस्वीर सामने आई थी। एआई तकनीक की मदद से बनाई गई या रूपांतरित की गई अन्य छवियां भी देश और विदेश में प्रसारित हुई हैं। छवियां कृत्रिम रूप से लगभग पूर्णता के साथ इस तरह से बनाई गई हैं कि वे देखने और सुनने में वास्तविक जैसी ही वास्तविक लगती हैं। वास्तविकता से छेड़छाड़ एआई से की जाती है जो पिछले कुछ वर्षों में काफी आगे बढ़ चुका है। मॉर्फिंग और ऐसी शरारती गतिविधियां कई वर्षों से प्रचलन में हैं, लेकिन सतर्क आंख या कान और निश्चित रूप से प्रौद्योगिकी द्वारा उनका पता लगाया जा सकता है। लेकिन एआई की मदद से बनाई गई चीजों के मामले में सबसे अच्छी तकनीक भी अक्सर नकली और असली में अंतर करने में असमर्थ होती है। डीपफेक उस ऑडियो, वीडियो, फोटो मीडिया को कहा जाता है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए छेड़छाड़ कर किसी के चेहरे पर दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। डीपफेक तकनीक में वास्तविक फुटेज के ऑडियो और वीडियो से छेड़छाड़ की जाती है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर नेताओं और प्रसिद्ध हस्तियों की छवि को धूमिल करने के लिए किया जाता है। डीपफेक का शिकार कोई भी हो सकता है, लेकिन महिलाएं खासकर इसके निशाने पर होती हैं। जानकारों का कहना है कि सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले लोग साइबर अपराधियों का ज्यादातर निशाना बनते हैं और डीपफेक बनाने वाले सोशल मीडिया से ही लोगों के वॉयस सैंपल और तस्वीरें निकाल लेते हैं। जानकारों के अनुसार, भारतीय समाज बिल्कुल असमान है। इसके पितृसत्तात्मक मूल्यों, जातिवाद और बहुसंख्यकवाद को देखते हुए डीपफेक का उपयोग हाशिए पर रहने वाले समूहों के लोगों को ज्यादा गंभीरता से प्रभावित करेगा। डीपफेक के जरिए किया जाने वाले अपराधों का अधिकांश हिस्सा क्रिमिनल और सिविल लॉ के मौजूदा प्रावधानों के दायरे से बाहर होगा जो इंपर्सनेशन, हेट स्पीच या अश्लीलता को प्रतिबंधित करते हैं। उचित कानूनी प्रावधान के अलावा कानूनों को जमीनी स्तर पर लागू करने में कमी का मामला भी तो है। राजनीतिक दलों, राजनेताओं और सार्वजनिक अधिकारियों; सभी को आसानी से डीपफेक का शिकार बनाया जा सकता है। यह भी गंभीरता से सोचने लायक है कि कैसे सत्ता के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली खोजी पत्रकारिता के खिलाफ आसानी से संदेह पैदा किया जा सकता है क्योंकि पत्रकारों के ऑडियो या वीडियो साक्ष्य को डीपफेक करार दिया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह सब मिलकर चुनावों में हेरफेर से नुकसान पहुंचाएगा, सामाजिक विभाजन बढ़ाएगा और संस्थानों पर भरोसे को बट्टा लगाएगा। एक संभावित जोखिम यह भी है कि पर्याप्त फंडिंग और मोबलाइजेशन के साथ कई प्रतिकूल ताकतों द्वारा सिंथेटिक कंटेंट का पूरा खजाना तैयार किया जाएगा, जो पूरी तरह से वैकल्पिक वास्तविकता को सामने लाने के लिए डीपफेक की एक सीरीज का निर्माण करेगा। इतनी बड़ी चुनौती पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या रही है? 21 जुलाई, 2023 के एक संसदीय प्रश्न के उत्तर में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आईटी रूल्स, 2021 के प्रावधानों का हवाला दिया जिसके तहत शिकायत मिलने पर आपत्तिजनक सामग्री को वर्चुअल वर्ल्ड से हटाने का आदेश संबंधित इंटरनेट कंपनी को दिया जाता है। यह प्राथमिक प्रतिक्रिया सीमित और सेंसरशिप वाली है। यह एक निष्प्रभावी मॉडल पर टिका है जो एक तो नुकसान को केवल व्यक्तियों के नुकसान के रूप में देखता है और दूसरा केस-टू-केस आधार पर सोशल मीडिया से डीपफेक को हटाने के लिए एक कानूनी आधार प्रदान करता है। यह बताता है कि भारत सरकार एआई बेस्ड टेक्नॉलजी का गंभीरता से और निरंतर मूल्यांकन में पिछड़ रही है। डीपफेक के उपयोग के मामले में भारत छठे सबसे असुरक्षित देश के रूप में सूचीबद्ध है। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर ऐसे कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया है. इसने प्रभावित व्यक्तियों को लक्षित होने के तुरंत बाद एफआईआर दर्ज करने की सलाह दी है। आईटी अधिनियम, 2000, इन समस्याओं से निपटने के लिए उपाय प्रदान करता है। लेकिन कई अन्य देशों की तरह, बढ़ते खतरे से निपटने के लिए कानूनी उपाय अपर्याप्त माने जाते हैं। लगभग सभी देशों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को विनियमित करने पर विचार हो रहा है।

ऐसे में भारत सरकार भी ऐसे कदम उठाए, यह लाजिमी है। केंद्र सरकार ने इस समस्या को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया कंपनियों को सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का पालन करने की सलाह दी है। इससे पहले भी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एक एडवाइजरी जारी कर चुका है। ताजा एडवाइजरी में मंत्रालय ने कहा है सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स को आईटी नियमों के तहत बैन कंटेंट को पब्लिश न करने के बारे में जागरूक करना चाहिए। साथ ही कहा गया है कि यूजर्स को फर्जी वीडियो, मैसेज या कंटेंट डालने से रोकने का काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का है ताकि इससे अन्य यूजर्स को नुकसान ना हो। एडवाइजरी के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स यूजर्स को यह भी बताएंगे कि आईटी कानून के नियम का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इससे पहले दिल्ली में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीपफेक के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जाहिर की थी। पीएम ने कहा था कि डीपफेक देश के सामने खड़े बड़े खतरों में से एक है. मोदी के मुताबिक एआई जेनरेटिव वीडियो और तस्वीरों में बढ़ोत्तरी के बीच लोगों को नई तकनीक से सावधान रहने की जरूरत है। तथ्य यह भी है कि हाल ही में पारित डेटा प्रोटेक्शन लॉ में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा के इस्तेमाल की छूट मिली हुई है। यानी सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति की सहमति के बिना ली गई तस्वीरों को डीपफेक के लिए प्रशिक्षण डेटा के रूप में उपयोग करने का रास्ता खुला है। इस पर कोई कानूनी शिकंजा नहीं होगा। इसके अलावा, बहुचर्चित डिजिटल इंडिया एक्ट, जिसे डिजिटल इंडिया के लिए संपूर्ण और सटीक कानून बताया जा रहा है, में भी इस बारे में बहुत कम चर्चा है कि यह डीपफेकिंग टेक्नॉलजी को कैसे रेग्युलेट करेगा। लेकिन ऐसा नहीं है कि डीपफेक सिर्फ नुकसान ही पहुंचाता है। इस टेक्नॉलजी में वैध शैक्षिक और व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने की भी क्षमता है।

हालांकि, नीतियों को लेकर हमारी चर्चा टेक्नॉलजी के लाभकारी उपयोग और इसके नुकसान के आकलन में विफल रही है। इससे पता चलता है कि हम चर्चा में भी ईमानदार नहीं हैं। यह सच है कि दुनिया के कई दूसरे देशों की ही तरह भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। निर्विवाद रूप से यह नई तकनीक का दुरुपयोग है।




## कविता

### सुखद श्रेणी के दुखे

आज अब,
दो समय की साबित रोटी,
तन पर मटमैले कपड़े,
पैदल दूर तक जाने को चप्पल,
गहरी ठंडी रातों में ओढने को कथरी ,
और रोटी के साथ मिर्च प्याज की चटनी,
मड़ई मेला जाने के लिए किराए की साइकिल,
समय समय मिल जाए सब,
मुझे उसका साथ,
और उसे मेरा संग होना,
भला लगता है सब,
सब कुछ,
लगता है वक्त थम जाये ,
रुक जाएं हम सभी,
हवाओं की खुशबू से भरी,
उसकी बातें, खिलखिलाहट,
पेड़ों टहनियों से झूमता झूमता,
अनंत निश्चल आकाश,
संबंधों की गहरी नम्र ऊष्मा,
नन्हे नन्हे हाथों का स्पर्श,
चुप-चुप कनखियों के इशारे,
बंद होठों की खामोशी हंसी,
पतली पगडंडी में लड़खड़ाते,
यूंही साथ चलते रहने की कसमें,
बिखर ना जाए,
यादों की हल्की लकीरें,
यह पल न फेर ले आंखें,
कथरी तार-तार न हो

संजीव

# भारत में वैश्विक अनूठी सार्वभौमिकता

**संजीव**

**पूर्व प्रधानमंत्री पंडित** जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह इंडोलॉजी में भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है की भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था।

भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं।

आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है।

## विचार

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह और दर्द से कराहते सेक्युलर विरोधी दल

मृत्युंजय दीक्षित

जैसे जैसे अयोध्या में दिव्य एवं भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकट आ रहा है वैसे वैसे जिन रामद्रोही व मुस्लिम तुष्टिकरण में लगे राजनैतिक दलों ने अपने वोटबैंक के लिए राम मंदिर को लटकाए रखा था उनका दर्द बढ़ता जा रहा है। उन्हें पता चल गया है कि एक बहुत बड़ी बाजी उनके हाथ से निकल चुकी है। यदि अब भी इन लोगो ने हिंदू विरोध व मंदिर विरोध के नाम पर विकृत बयानबाजी जारी रखी तो आगामी लोकसभा चुनावों में ये किसी भी लायक नहीं रहने वाले हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है किंतु ऐसा लग नहीं रहा कि विरोधी दलों का कोई भी नेता इसमें सम्मिलित होगा। जिस कांग्रेस पार्टी के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में 2019 में कहा था कि अभी इस मामले को न सुना जाये क्योंकि अयोध्या विवाद का समाधान हो जाने और फैसला आ जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी को उसका राजनैतिक लाभ मिल जायेगा वही कांग्रेस एक बार फिर परेशान है। यह वाही कांग्रेस है जिसने श्री राम को काल्पनिक कहकर उनके अस्तित्व को नकारा था । यह वही कांग्रेस है जिसने 6 दिसंबर के बाद भाजपा की पूर्ण बहुमत की प्रांतीय सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगा दिया था । यह वही कांग्रेस है जिसने प्रभु श्री रामलला को 30 वर्षां के लंबे कालखंड तक हर प्रकार के मौसम में फटे टेंट में रहने को मजबूर कर दिया था। आज वही कांग्रेस परेशान हो रही है जिसने साध्वी ऋतम्भरा और उमा भारती जैसी महिला संतों और राजमाता विजयाराजे सिंधिया जैसी वरिष्ठ महिला नेत्री पर भी अमानवीय अत्याचार करवाये। यह वही कांग्रेस है जिसने अयोध्या में कारसेवकों पर मुलायम सरकार द्वारा गोली चलाए जाने का खुलकर समर्थन किया था।यह वही कांग्रेस है जिसके प्रधानमंत्री स्वर्गीय पी वी नरसिंह राव ने बाबरी विध्वंस के बाद कहा था कि वह फिर से बारी मस्जिद का उसी प्रकार से निर्माण करवायेंगे। आज वही कांग्रेस एक बार फिर मंदिर निर्माण से आहत हो रही है और अनाप- शनाप बयानबाजी करके अपनी जगहंसाई करवा रही है । कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते हैं कि वह नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकले है जबकि वास्तविकता कुछ और है। वास्तविकता ये है कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गाँधी प्रभु श्री राम के जन्मस्थान पर बन रहे दिव्य झभव्य मंदिर से नफरत कर रहे हैं । ये नफरत इतनी है कि कर्नाटक में तीन दशक बाद राम मंदिर आंदोलन में गिरफ्तारी हुई है। यह मुस्लिम तुष्टिकरण का सबसे घिनौना उदाहरण है। कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने पुलिस विभाग को दिशा निर्देश दिये हैं कि राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल रहे लोगों के नाम इस मामले में जांच के दायरे में लाए जायें जिन्हें भाजपा के शासनकाल में इस मामले में आरोप मुक्त कर दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का हिस्सा रहे कई भाजपा नेता अब बहुत बुजुर्ग हो चुके हैं । पुलिस ने एक विशेष जांच दल का गठन करके ऐसे मामलों में शामिल रहे 300 आरोपियों के नाम की सूची बनाई है। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि कांग्रेस 31 साल पुराने अयोध्या आंदोलन में शामिल रहे हिंदू कार्यकताओं को धमका रही है। यही कांग्रेस का विकृत चरित्र है। कांग्रेस का मोहब्बत का बाजार बहुत बड़ा ढोंग है। कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा को प्रधानमंत्री मोदी का मंदिर जाना परेशान करता है और उन्हें लगता है कि राम मंदिर अब कोई मुददा नहीं है। कांग्रेस द्वारा हिंदू समाज व सनातन के अपमान की सूची प्रतिदिन लम्बी होती जा रही है। कांग्रेस पार्टी ने लगातार अयोध्या आंदोलन के दौरान हिंदू समाज का उसी प्रकार अपमान किया था जैसे मुगल व अंग्रेज करते रहे थे । कांग्रेस नेताओं भरत सिंह सोलंकी, बसंत साठे, मणिशंकर अय्यर, दिग्विजय सिंह, शशि थरूर, चिदंबरम सभी बड़े नेताओं ने सनातन के विरुद्ध बयानबाजी की है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# राम मंदिर : अब साकार होगी राम राज्य की परिकल्पना

**प्रो. महेश चंद गुप्ता**

देश में सबको 22 जनवरी का इंतजार है। जैसे-जैसे 22 तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे देशवासियों की अधीरता बढ़ती जा रही है। वक्त काटे नहीं कट रहा है। हर सनातनी और राष्ट्रवादी देशवासी उस घड़ी का साक्षी बनने को आतुर है, जब अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। सनातन संस्कृति के आस्थावान इस अवसर को दिव्य, अद्भुत, अलौकिक तथा देश के सम्मान की पुनर्स्थापना का मार्ग प्रशस्त करने वाला मान रहे हैं। आशा की जा रही है कि श्रीराम लला के अयोध्या में विराजमान होने के बाद भारत फिर से राम राज्य बनने की ओर अग्रसर होगा।

22 तारीख के इंतजार में देश में कुछ वैसा ही माहौल है, जिस प्रकार दीपावली पर्व और स्वाधीनता दिवस से पहले हुआ करता है। देश का हर नागरिक इस दिन दीप प्रज्वलित करने के लिए तत्पर है। सनातन धर्म और संस्कृति में जिनकी आस्था है, उनके लिए जितना 15 अगस्त के दिन का महत्व है, उतना ही जनवरी की 22 तारीख का भी होगा। यह कोई साधारण दिन नहीं है और न ही आसानी से देखना नसीब हो रहा है। यह कई पीढि?ों द्वारा सदियों तक किए गए प्रयासों-संघर्षों का परिणाम है। श्रीराम के प्रयोजन के लिए जिन लोगों ने अपना सर्वस्व होम कर दिया, यह उन हुतात्माओं के बलिदान का प्रतिफल है। अयोध्या में बना यह मंदिर देश के लिए सिर्फ पूजास्थल नहीं है बल्कि यह हमारे लिए तप, त्याग और संकल्प प्रतीक और स्थायी प्रेरणापुंज बनने जा रहा है। इसकी वजह साफ है-श्रीराम का यह भव्य मंदिर जिस आंदोलन की बदौलत आकार ले पाया है, वह अर्पण, तर्पण और संकल्प से ओत-प्रोत आंदोलन था। उसी अर्पण, तर्पण और संकल्प की बदौलत ये मंदिर कोटि-कोटि लोगों की सामूहिक संकल्प शक्ति और हमारे राष्ट्र का प्रतीक बनने जा रहा है। जन मान्यता है कि इसी मंदिर में श्री रामलला के विराजित होने के उपरांत राम राज का शिलान्यास भी हो जाएगा। उस राम राज की आधारशिला रखी जाएगी, जिसकी परिकल्पना न जाने कब से हम भारत के लोग कर रहे हैं। सदियों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है।

# रेल की खिड़की वाली सीट

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

एक समय की बात है, मीलों लंबी रेलवे पटरियों के देश में, ट्रेनों में रहस्यमय, प्रतिष्ठित और अत्यधिक मांग वाली जगह - खिड़की की सीट - के बारे में एक किंवदंती मौजूद थी। हां, आपने इसे सही सुना। ट्रेन की साधारण खिड़की वाली सीट कोई साधारण सीट नहीं थी। यह यात्रियों के बीच एक प्रतिष्ठित, लगभग पौराणिक, विवाद का मुद्दा था, और यदि आप इस पर अपना दावा करने का साहस करते हैं, तो महाकाव्य अनुपात की लड़ाई के लिए तत्पर भी रहना चाहिए। यह सब "सभी सवार हैं!" की घोषणा के साथ शुरू हुआ। चूँकि यात्री अपने निर्धारित स्थानों को ढूँढ़ने की जल्दी में थे। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची तो खिड़की वाली सीट के लिए होड़ शुरू हो गई। आप लोगों को एक छोटी, गंदी खिड़की के माध्यम से मायावी बाहरी दुनिया की एक झलक पाने के लिए भीड़ भरी ट्रेन में दौड़ते, धक्का मारते और कोहनी मारते हुए लोग आसानी से दिख जायेंगे। लेकिन आइए एक पल रुकें और इस मायावी सीट के पीछे के कारणों पर विचार करें। खिड़की की सीट के बारे में ऐसा क्या है जो अन्यथा तर्कसंगत व्यक्तियों को दृढ़, एक-दिमाग वाले योद्धाओं में बदलने का कारण बनता है, जो गुजरते दृश्यों को देखने के अवसर के लिए युद्ध करने के लिए तैयार होते हैं? ऐसा लगता था कि खिड़की की सीट में एक विशेष शक्ति थी - बाहर के बदलते दृश्यों से मंत्रमुग्ध होकर, बैठे हुए व्यक्ति को ट्रान्स जैसी स्थिति में ले जाने की शक्ति। अब, आप सोच रहे होंगे, "खिड़की वाली सीट में आखिर कौन सी बड़ी बात है?" खैर, जो लोग ट्रेन यात्रा की कला से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए खिड़की की सीट आपकी थकी हुई हड्डियों को आराम देने की जगह से कहीं अधिक है। यह एक गौरवशाली सिंहासन, एक लक्ष्य, एक प्रतिष्ठा का प्रतीक और शायद, जीवन का एक तरीका भी है। सबसे पहले, आइए इसके एगोनोमिक कौशल पर गौर करें। खिड़की की सीट, अपने आर्मरेस्ट के साथ, एक आरामदायक कोना जो किसी के साथ साझा नहीं किया जाता है, और एक अबाधित दृश्य, एक लंबी ट्रेन यात्रा पर आराम का प्रतीक है।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को दी बधाई, किया सम्मान



**राई:** पूर्व मंत्री कृष्णा का लागत ने अपने आवास पर भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा को बधाई देते हुए शोल देकर सम्मान किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने भाजपा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे और युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग की सच्ची हितेषी है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीब व आम वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए उनको घर द्वार पर ही सुविधाओं का लाभ देने के लिए संकल्प यात्रा के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने जसबीर को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जसबीर को पद देने से जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी। वे पहले भी पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत कर कार्य कर रहे थे अब जिम्मेदारी मिली है तो और भी मेहनत करेंगे। इस मौके पर पूर्व पार्षद योगेश खरखोदा आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

### नालों की सफाई को लेकर विधायक ने कर्मचारियों पर कसा शिकंजा



**गन्नौर:** गांधी नगर में नालों की सफाई को लेकर विधायक निर्मल चौधरी ने नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों पर शिकंजा करते हुए आदेश दिया कि वे नालों की साफ सफाई करने में कोई कोताही न बरतें। अगर नाल बना लो की बेहतर तरीके से सफाई की जाए तो गंदे पानी की निकासी में कोई परेशानी नहीं आती और वहां रहने वाले लोगों को भी सुविधा होती है। आसपास के लोगों द्वारा नालों की सफाई के बारे में विधायक को अवगत कराने के बाद विधायक ने नगर पालिका के अधिकारियों को आदेश दिए की समय-समय पर साफ सफाई को लेकर मौका मुआयना करें। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर इसके बाद भी नालों की सफाई से संबंधित कोई शिकायत उनके पास आती है तो उसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी मामले में अधिकारियों को को अपनी व्यवस्था सुधारने का समय दिया है।

### ग्लेनमार्क भारत में प्रचलित एंटी-डायबिटिक दवा- लिराग्लूटाइड का बायोसिमिलर लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रमुख शोध-आधारित, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) ने भारत में पहली बार प्रचलित एंटी-डायबिटिक दवा- लिराग्लूटाइड का बायोसिमिलर लॉन्च किया है। लिराफिट्ट ब्रैंड के नाम से लॉन्च की गई इस दवा की पेशकश ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) से मंजूरी मिलने के बाद की गई है।

1.2 मिलीग्राम (प्रति दिन) की मानक खुराक के लिए इस दवा की कीमत लगभग 100 रुपए है, जो कि चिकित्सा की लागत को लगभग 70% कम कर देगी। साथ ही, यह डॉक्टर की सलाह पर ही उपलब्ध हो सकेगी। लिराग्लूटाइड, ग्लूकागन जैसे पेप्टाइड 1 रिसेप्टर एगोनिस्ट (जीएलपी-1 आरए) दवाओं के वर्ग के अंतर्गत आता है। यह ग्लूकोज पर निर्भर इंसुलिन स्राव को बढ़ाता है और साथ ही उचित ग्लूकागन स्राव को कम करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ में वयस्क मरीजों में टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस को प्रबंधित करने के लिए इसे विश्व स्तर पर स्वीकृति मिली है। इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, आलोक मलिक, प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड- इंडिया फॉर्म्युलेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, ने कहा, "ग्लेनमार्क में, हमें भारत में पहली बार लिराग्लूटाइड दवा के एक नवीनतम और किफायती बायोसिमिलर लिराफिट्ट की पेशकश करने पर गर्व है।

### मॉडर्न आईटी पहलुओं से अवगत हुये कश्मीरी, आउटलाईन सिस्टम्स ने की 90 कश्मीरी युवाओं की मेजबानी



**मोहाली:** केन्द्र सरकार के अमृत काल पर्व पर कश्मीरी स्टूडेंट्स के लिये शुरू किये गये सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के अंतर्गत 90 कश्मीरी युवाओं के एक ने मोहाली स्थित आउटलाईन सिस्टम्स का दौरा किया। इस आयोजन का उद्देश्य कश्मीरी युवाओं को राष्ट्रीय विचारधारा से जोड़ कर देश के विकसित पहलूओं से अवगत करवाना था।

आईटी प्रबंधक निशांत पंजवानी ने अपने कैंपस में स्वागत करते हुये कश्मीरी युवाओं को आईटी के कार्यक्षेत्र में मॉडर्न तकनीकों और प्रैक्टिसेस से अवगत करवाया और उन्हें आईटी क्षेत्र में उनके कैरियर के लिये प्रेरित किया। कंपनी के सीईओ अनिल कुमार ने भी इस अवसर पर युवाओं से वार्ता की और उनके साथ विचारों का आदान प्रदान किया। उन्होंने देश में आईटी की दिशा में हो रही उन्नति से परिचित करवाया। कार्यक्रम का समापन रात्रि भोज से हुआ।

# ईसाई धर्मगुरुओ ने दिया संजय को समर्थन

**साथ मिला**

> धजिस प्रकार से आज पानीपत शहर को एक अच्छे नेता की जरूरत है ऐसे में भाई संजय अग्रवाल एक नेक इंसान है



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत शहरी** विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल के कार्यालय में क्रिश्चियन धर्म के धर्मगुरु पहुंचे। इस दौरान पानीपत शहरी विधानसभा के सभी चर्च के पास्टरो ने आने वाले हरियाणा के विधानसभा चुनाव में पानीपत शहरी विधानसभा से संजय अग्रवाल के नेतृत्व में समर्थन देने का ऐलान किया। इस दौरान यूनाइटेड क्रिश्चियन एसोसिएशन ऑफ के पानीपत के धर्म गुरुओं ने बताया कि जिस प्रकार से आज पानीपत शहर को एक अच्छे नेता की जरूरत है ऐसे में भाई संजय अग्रवाल एक नेक इंसान है जो अपनी कहीं बातों पर खरे उतरते हैं ऐसे में आज पूरे पानीपत शहरी विधानसभा के चर्च के पास्टरो ने भाई संजय अग्रवाल को अपना समर्थन देते हुए ऐलान किया कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में भाई संजय अग्रवाल को पानीपत का पूरे ईसाई धर्म का वोट दिलाकर पानीपत के विधानसभा का पद सौंपेंगे। वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने बताया कि आज जिस प्रकार से ईसाई धर्म के धर्मगुरु हमारे कार्यालय में पहुंचे हैं ऐसे में मैं उनका बहुत-बहुत स्वागत करता हूं और धन्यवाद करता हूं जो आज अपना समर्थन देने के लिए हमारे कार्यालय में पहुंचे वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने वादा किया कि वह जब भी पानीपत शहरी विधानसभा के साथियों के आशीर्वाद से पानीपत की आवाज चंडीगढ़ उठाने का कार्य करेंगे तो हर समाज को एक साथ लेकर चलेंगे। यूनाइटेड क्रिश्चियन एसोसिएशन ऑफ पानीपत के धर्मगुरुओं ने बताया कि आज ईसाई धर्म के पास ना तो कोई कम्युनिटी सेंटर है और ना ही कोई बड़ा कब्रिस्तान है जिसकी वजह से पूरे ईसाई धर्म को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने सभी को वादा करते हुए कहा कि जब भी वह सत्ता में आएंगे सबसे पहले ईसाई समाज को कम्युनिटी सेंटर एवं कब्रिस्तान के लिए जगह देने का कार्य करेंगे ऐसे में कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने सभी का कार्यालय पर पहुंचने पर मान सम्मान करते हुए साल भेंट किया।

## हत्या मामले में फरार नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**थाना पुराना** औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि मामले में आरोपी फजल, ताज, साजिद, रियासत निवासी पुरेवाल कॉलोनी व तालिब निवासी बतरा कॉलोनी को बीते वर्ष अक्तूबर माह में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पांचों आरोपियों ने अपने अन्य एक नाबालिग साथी आरोपी के साथ मिलकर रंजिश रखते हुए नबी की चोट मारकर हत्या करने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो ईंट व दो डंडे बरामद कर पांचों आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया था जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया था। थाना पुराना औद्योगिक पुलिस की टीम वारदात में शामिल नाबालिग आरोपी की धरपकड़ के लिए प्रयासरत थी। इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में पूरेवाल कॉलोनी निवासी नासिर पुत्र जान मोहम्मद ने 20 अक्तूबर को शिकायत देकर बताया था कि उसका बेटा नबी बतरा कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रहता है। नबी के दोस्तों का 15 अक्टूबर को ताज, फैसल, तालिब, अमन व बोना के साथ झगड़ा हो गया था। नबी ने उनका बीच बचाव किया तो पांचो जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। इसके बाद पांचो नबी से रंजिश रखने लगे। 17 अक्तूबर को नबी घर से बतरा कॉलोनी में कमरे पर गया था। पांचो युवक रात करीब 10:30 बजे कमरे पर आए और ईंट, पत्थर से नबी को चोट मारी। सुबह वह कमरे पर गया तो बेटा नबी बेहोश पड़ा था। नबी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर गया जहा डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया था। उन्होंने बेटे को इलाज के लिए दिल्ली जीटीबी हस्पताल में भर्ती करवा दिया। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए।

## पूर्व मंत्री व पूर्व चेयरपर्सन ने बुजुर्गों को गर्म चादर वितरित की



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
गांव टीकोला व गढ़ी में पूर्व मंत्री व हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन कृष्णा गहलावत ने बुजुर्गों को गर्म चादर वितरित की। गहलावत ने कहा कि सर्दी का मौसम बुजुर्गों के लिए काफी भारी होता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को जब ज्यादा ही जरूरी हो तो घर से बाहर निकलना चाहिए। कृष्णा गहलावत ने करीब 100 व्यक्तियों को गर्म चादर वितरित की। बुजुर्गों ने कृष्णा गहलावत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि कृष्णा गहलावत ही गरीबों व जरूरतमंदों की सच्ची हितैषी है। कृष्णा गहलावत ने कहा कि उनके घर के दरवाजे जरूरतमंदों के लिए हमेशा खुले हुए है। इस मौके पर सरपंच सुभाष, सुंदर त्यागी, सतबीर, सुरेश त्यागी, सूरजभान, राहुल, धर्मबीर आदि उपस्थित थे।

# जसबीर दोदवा ने ग्रहण किया जिलाध्यक्ष का कार्यभार

## पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा: जसबीद दोदवा

**टीम एक्शन इंडिया, सोनीपत/ संजीव कौशिक/ भंवर सिंह**
**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने प्रदेश में अपने संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिसमें प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। सोनीपत से जसबीर दोदवा को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यालय सोनीपत सेक्टर आठ में जसबीर दोदवा ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार दिलाने के लिए सांसद रमेश कौशिक मुख्य रूप से पहुंचे। जसबीर दोदवा को कार्यभार सौंपने की प्रक्रिया सोनीपत में पूरी की गई। विधिवत रूप से कार्यभार सौंपने के लिए पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा भी मौजूद रहे। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि पार्टी ने सभी जिलों के अध्यक्ष नियुक्त कर दिए हैं। जसबीर दोदवा ने कहा कि मैं गरीब परिवार से हूं। मुझे जिले की जिम्मेदारी दी गई है। यह हमारी पार्टी की खुबसूरती है। पार्टी में निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ता को उसका सम्मान दिया जाता है। जिले में पार्टी को ओर भी मजबूत किया जाएगा। पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जान पर उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी विप्लव देव, सांसद रमेश कौशिक, विधायक मोहन लाल बडौली आदि का दिल से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर परमवीर सैनी, दिनेश स्वामी, ललित बत्रा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मदन, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकेश बत्रा आदि ने जसबीर दोदवा को शुभकामनाएं दी।



## डिपो संचालकों की हड़ताल से मायूस होकर लौटे लोग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** छावनी और शहर में भी सरकारी राशन के डिपों पर राशन लेने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंच रहे थे। लेकिन जब उन्हें यह पता चला कि डिपो संचालक हड़ताल पर है तो लोगों को मायूस होकर वापिस लौटना पड़ा। स्थानीय लोगो ने बताया कि प्रत्येक माह वह डिपो पर आकर गेहूं, चीनी, तेल, बाजरा व अन्य सामान ले जाते है। लेकिन इस बार हड़ताल के कारण उन्हे राशन अभी तक नहीं मिला जिसके कारण उन्हे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रधान गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने इससे पहले भी कई बार सरकार से अपनी मांगो को लेकर गुहार लगाई थी। लेकिन सरकार उनकी मांगो की अनदेखी कर रही है। प्रदेश भर में सभी राशन डिपो होल्डर अपनी विभिन्न मांगों के चलते 15 जनवरी तक हड़ताल पर चले गए हैं। वानी कि जिला के अंतर्गत आने वाले 249 डिपो होल्डर ने अपनी हड़ताल करने का निर्णय लिया हैं, जिससे अब सभी डिपो बंद रहेंगे। प्रधान गुरदेव सिंह ने कहा कि सरकार 300 राशन कार्ड पर ही एक डिपो बनाने जा रही है। जिसके कारण उन्हें नुक्सान होगा। वहीं राशन भी देरी से पहुंचता है। जिसके कारण उन्हे राशन वितरण में भी देरी होती है। इसके साथ ही उन्हे दी गई मशीनें भी ठीक प्रकार से काम नहीं करती। ऐसी स्थिति में डिपो से राशन पाकर गुजारा करने वाले कार्ड धारकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि हड़ताल के चलते वे ना तो राशन को प्राप्त करेंगे और ना ही बांटेंगे। इसके चलते सरकार के स्तर पर जिला में राशन को समय पर बंटवा पाना भी बड़ी चुनौती बनता हुआ प्रतीत हो रहा है। इधर, ऑल राशन डिपो होल्डर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार लडवाण ने बताया कि अगस्त 2022 को खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने राशन डिपो धारकों के हित को नजर अंदाज करते हुए आदेश लागू किया है।

## आज लगेगा फ्री बोन मिनरल डेंसिटी कैम्प

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)श्रीकृष्णा आयुष** विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में आज निःशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी जांच कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप अस्पताल के कमरा नं 6 में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। जो दोपहर दो बजे तक चलेगा। चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट (बीएनडी) अक्सर ऑस्टियोपोरोसिस जैसे हड्डी संबंधी रोग का पता लगाने के लिए किया जाता है। जो सुरक्षित, दर्द रहित और जल्दी होने वाला टेस्ट है।

## हवन यज्ञ करके मनाया सांसद दीपेंद्र हुड्डा का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट जसपाल आंतिल ने अपने सेक्टर-8 सोनीपत कार्यालय पर दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (राज्यसभा सांसद) का जन्मदिन हल्के के युवा बुजुर्गों के साथ हवन यज्ञ करके व केक काटकर मनाया। हल्के के सभी गांवों से पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कांग्रेस नेता जसपाल आंतिल व युवाओं ने भगवान से दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (राज्यसभा सांसद) की लंबी उम्र की कामना की भाई दीपेन्द्र हुड्डा जी का जन्मदिन उनकी लम्बी उम्र की कामना की। इसके बाद युवाओं ने केक काटा। कांग्रेस नेता जसपाल आंतिल ने उनके स्वस्थ व उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। आंतिल ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा ऐसे नेता हैं, जिन्होंने हमेशा जनता के हित के लिए प्रदेश में काम किया। वह दिन रात मेहनत कर जनता की आवाज को उठाने का प्रयास करते हैं व प्रदेश के हर तबके की आवाज को ऊपर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में हरियाणा की कमान भी संभालेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा दीपेंद्र हुड्डा को चाहते हैं। उसका कारण यह है कि दीपेंद्र हुड्डा युवाओं के लिए एक बड़ा चेहरा है। वह जनता के दिलों में बसते हैं और लोगों के बीच जाकर एक नई ऊर्जा भरते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार कांग्रेस को आगे लाने में दीपेंद्र हुड्डा का अहम योगदान है। ऐसे नेता पर हमें गर्व होना चाहिए।

इस दौरान जसपाल आंतिल ने कहा कि हमें ऐसे नेता पर गर्व है, जिनसे हम जुड़े हुए हैं। इस दौरान बिन्दर नांगल, कैलाश मनौली, बलराज कुमामपुर, नफे दहिया, हवा सिंह दीपालपुर, रामफल, जिला प्रवक्ता प्रवीन, जिला अध्यक्ष सेवादल रहत मुकीमपुर, मीडिया कार्डिनेटर लोकसभा इन्द्र, हल्का उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस अमित दहिया नाहरा, हल्का उपाध्यक्ष राम जंगाला, हल्का महासचिव रोहन रांगां, सचिन करमण सन्दीप आंतिल मुरथल, राजेश सेवली, बुध सिंह सेवली आदि मौजूद रहे।

# पटवारियों की हड़ताल से कामकाज हुआ प्रभावित

**लोग परेशान**

> आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र, फर्द के कार्य आदि कामकाज प्रभावित हुए। लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पटवारियों** की तीन दिवसीय हड़ताल जारी है। पटवारियों के हड़ताल पर जाने के चलते पटवारखानों पर ताले लटके रहे। इससे आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र, फर्द के कार्य आदि कामकाज प्रभावित हुए। लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। धरने की अध्यक्षता कर रहे दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान ने कहा कि वह काफी समय से पे ग्रेड बढ़ाने व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। जिले में पटवारियों के अनेक पद स्वीकृत हैं, पद खाली होने की वजह से पटवारियों को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

पटवारियों की हड़ताल के चलते फर्द के कार्य, आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, कोर्ट में जमानत लेने का काम, ऋण सहित अन्य जरूरी कार्य प्रभावित रहे। पटवारखाने व तहसील परिसरों में आए लोगों को परेशानी हुई। जिला प्रधान ने बताया कि पटवारियों व कानूनगो ने 26 दिसंबर 2022 से लेकर 4 जनवरी 2023 तक हड़ताल रखी थी। 4 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वार्ता कर उनकी पे ग्रेड 3200 रुपये करने का वादा करते हुए हड़ताल समाप्त करवाई थी। एक साल बीतने के बावजूद सरकार ने वादा पूरा नहीं किया। पटवारियों और कानूनगो को पहले की तरह 2400 रुपये पे ग्रेड मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कानूनगो व पटवारी लंबे समय से पे-ग्रेड बढ़ाने, कानूनगो के सर्कल बढ़ाने और रिक्त पड़ी सीटों को भरने के लिए पटवारी की भर्तियां निकालने की मांग कर रहे हैं। सरकार ने अब तक उनकी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है। ऐसे में उन्हें मजबूरन तीन दिन की हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि सभी अपनी मांगों को लेकर 5 जनवरी तक धरना देंगे और सरकार से मांग करेंगे की सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से साथ विचार किया जाए। सरकार को चाहिए कि वह कर्मचारियों के हितो की अनदेखी न करें तथा कर्मचारियों की मांगो को जल्द ही माने।

# विधायक प्रमोद विज ने कार्यकर्ताओं के साथ किया निर्माण कार्य का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत के** वार्ड 10 में स्थित महावीर दल मंदिर में 42 लाख की लागत से कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण कार्य कराया जाएगा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने वीरवार को कम्यूनिटी सेंटर के निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया। पानीपत शहरी विधानसभा में विधायक विज के द्वारा 108 भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है के शहर मे लगभग 50 भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं अन्य भवन निमार्णाधीन है कमहावीर दल कम्यूनिटी सेंटर आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा एवं सामाजिक कार्यों हेतु स्थानीय जन इसका प्रयोग कर सकेंगे कविधायक प्रमोद विज ने बातचीत में कहा कि शहर के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हू, भवनों के निर्माण से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सर्व सुविधायुक्त युक्त स्थान मुफ्त में सामाजिक कार्य करने हेतु मिलगा क कार्यक्रम के अवसर पर दक्षिणी मंडल के महामंत्री सन्नी सेठी, दीपक कंसल, मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुर्जर, विजय सहगल, चेतन तनेजा, कमल गोस्वामी एवं समस्त सम्मानीय मौजूद रहे।



## श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर ने किया अक्षत कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**
**समालखा अक्षत** कलश यात्रा का आयोजन श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर के द्वारा किया गया। आयोजन में पंडित सुभाष शास्त्री द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। यह यात्रा रेलवे रोड से शुरू होकर माता पुली रोड स्थित श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में महिला व पुरुषों ने जोश व उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। इससे पहले यात्रा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वार्ड दस के पार्षद मनीष बेनीवाल का प्रधान द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पार्षद मनीष बेनीवाल ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म ही विश्व का सबसे पुरातन धर्म है।

**जोश**

> कलश यात्रा में महिला व पुरुषों ने जोश व उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया

हमें अपने धर्म व संस्कृति को कभी भूलना नहीं चाहिए। नई पीढ़ी में इसके संस्कार करने चाहिए ताकि वह सनातन के रास्ते पर चलते हुए भारत को विश्व सिरमौर बना सकें। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा और देसी घी के दीप जला भगवन श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का

# पिछड़ा वर्ग के सदस्यों ने किया भाजपा के जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**जिला कश्यप** निवारण समिति के सदस्य डॉ. रफल सिंह कश्यप के नेतृत्व में पिछड़े वर्ग के लोगों ने दुष्यंत भट्ट को भाजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर आज फूलों का गुलदस्ता देकर व लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। वहीं पिछड़ा वर्ग के सदस्यों ने दुष्यंत भट्ट को यह जिम्मेदारी सौंपने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया है। डॉ. रफल सिंह कश्यप ने कहा कि पीएम मोदी व मनोहर लाल की नीतियों व कार्य शैली से देश की 80 प्रतिशत जनता खुश है। यही कारण देश में फिर से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर सुंदरलाल कश्यप, सतपाल जांगड़ा, जगदीश कश्यप, सत्य प्रकाश, विक्रम कश्यप, सुभाष कबीर पंथी, नरेश प्रजापत, सुरेश चौहान, विक्रम दीनानाथ, राकेश कश्यप, महेंद्र, रतन कश्यप, जसबीर कश्यप व बलराम पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## न्यूज फ्लैश

### स्वर्गीय पिता के जन्मदिन पर गौवंश के लिए की सवामणी

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़**

स्थानीय श्री गौशाला धोलपोश आश्रम के प्रांगण में वीरवार को कुलदीप कानोड़िया ने अपने स्व. पिता स्वर्गीय श्री राम कानोड़िया के जन्मदिन पर गोशाला धोलपोश आश्रम में सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई।
गौशाला धोलपोश के प्रधान रविन्द्र तिवाड़ी ने कहा की गौ सेवा से बड़ा कोईधर्म नहीं है।कहा कि हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ाधर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। वह अपने जीवन में कभीसंकटों का सामना नहीं करता है। सच्चे मन से की गई गो-सेवा कभी व्यर्थनहीं जाती, जहां गोमाता सुख चैन की सांस लेती है। वहां साक्षात रूप मेंदेवता वास करते है। तिवाड़ी ने कहा कि गायों के मल मूत्र व गोबर से अनेकप्रकार की जीवन रक्षक दवाइयां बनाई जाती है, जो मनुष्य की बीमारी केदौरान उसकी रक्षा करती हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने घरमें एक-एक गाय पाले व उसकी सेवा करे। इस अवसर शकुंतला , शशी,दिव्या,विवेक ,उप प्रधान सूरजभान बोहरा, ,पण्डित निरंजन लाल , नत्थुराम, बसन्ती आदि उपस्थित थे।

### एक महीने बाद भी समालखा में पंजाबी धर्मशाला व रेलवे पार्क का काम शुरू नहीं हो सका

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**
मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर द्वारा करीब पांच वर्षों से अधूरी पड़ी सीएम घोषणाओं को जल्द शुरू करने के वायदे के करीब एक महीने बाद भी समालखा में पंजाबी धर्मशाला व रेलवे पार्क का काम शुरू नहीं हो सका है। जिससे आमजन में रोष है और लोगों का कहना है कि इसको लेकर वो दोबारा से सीएम से मिलेंगे।
उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में गांव जौरासी में हुई रैली में मुख्यमंत्री द्वारा पंजाबी धर्मशाला व रेलवे पार्क के निर्माण की घोषणा की थी। लेकिन भ्रष्टाचार की आंच के कारण पंजाबी धर्मशाला और रेलवे पार्क का निर्माण अधर में ही रूक गया। अब नवम्बर 2023 में मुख्यमंत्री ने नई अनाज मंडी समालखा में अधर में पड़ी पंजाबी धर्मशाला व रेलवे पार्क के निर्माण को जल्द ही शुरू करने का आश्वासन दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के करीब एक महीने बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। पंजाबी धर्मशाला के निर्माण नहीं होने के कारण पंजाबी समाज में रोष है और उनका कहना है कि मुख्यमंत्री की घोषणा होने के बावजूद भी निर्माण शुरू नहीं होना अफसरशाही के हावी होने की तरफ इंगित करता है। वहीं रेलवे पार्क का काम भी अधूरा है और लाखों रुपए का भुगतान करने के बावजूद भी ना तो नगरपालिका उक्त ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कारवाई कर सकी है और ना ही दोबारा से काम शुरू करवा सकी है। आमजन का कहना है कि बिना भ्रष्टाचारी ठेकेदारों पर कारवाई किए नपा अपना पल्ला झाड ? का काम कर रही है। वहीं इस बारे में एमई राजकुमार ने कहा कि पंजाबी धर्मशाला और रेलवे पार्क को लेकर जांच चल रही है और जांच पूरी होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

### सर्दी के मौसम में आलस्य को दूर रखने के लिए योग : डॉ. अमित पुंज

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**भारत** स्वाभिमान, पतंजलि योग समित्ति एवम आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कनिका पब्लिक स्कूल में चलाया जा रहा है। आज शिविर के चौथे दिन भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ मंत्रोउच्चारण के साथ करवाया। इसके बाद योग्गिंग जॉगिंग के 12 अभ्यास एवम सूर्य नमस्कार का अभ्यास योगा कोच नवीन चौहान एवम यॉग शिक्षिका उर्मिला पांचाल ने करवाये।
आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉक्टर अमित पुंज ने बताया कि योग से शरीर को ऊजार्वान बनाने के साथ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलती है। नियमित रूप से योगाभ्यास करने से सर्दी के मौसम में आलस्य से भी छुटकारा मिलता है।
उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में शरीर आलसी और थका हुआ महसूस करता है। इस मौसम में दिनभर बस रजाई या कंबल इत्यादि में लेटे रहने या सोने का मन करता है। लोग अक्सर हीटर इत्यादि का उपयोग करते हैं तथा बिस्तर से निकलना बड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऐसे में शरीर में सर्द गर्म होने की संभावना बढ़ जाती है।

# खट्टर सरकार के लिए झूठे वादे करना आम बात: पाठक

## आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने हरियाणा से पलायन कर रहे उद्योगों के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा

**दरकिनार**

8 हरियाणा से उद्योग पलायन को मजबूर, सरकार कर रही दरकिनार : डॉ. संदीप पाठक




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद/रोहतक**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने वीरवार को फरीदाबाद में फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी, गुरुग्राम और शाम को रोहतक में रोहतक, झज्जर और सोनीपत के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस मौके उनके साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी और हरियाणा से पलायन कर रहे उद्योगों के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा से उद्योग पलायन करने को मजबूर हैं, जिसे हरियाणा सरकार बिल्कुल दरकिनार कर रही है। हरियाणा सरकार की उद्योग के लिए कोई भी पॉलिसी नहीं है। इसी खराब नीति की वजह से पिछले साढ़े तीन साल में हरियाणा में 1000 से ज्यादा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) बंद हो चुके हैं। उद्योग और इन्वेस्टमेंट में अव्वल बनने की क्षमता रखने वाला हरियाणा भाजपा के राज में पिछड़ चुका है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में देशभर में रिलीज बैंक एसिस्टेड फाइनेंस प्रोजेक्ट का केवल 1% हरियाणा में लगा है, जो कि देश में सबसे कम है।उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में व्यापारी अपना बिजनेस बंद करने पर मजबूर हो रहे हैं। भाजपा सरकार के नए उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए किए गए सारे वादे खोखले निकल रहे हैं। मुख्यमंत्री खट्टर ने 10 महीने पहले बिजनेस स्टार्टअप के लिए 200 करोड़ रुपए का उद्यम पूंजी निधि (वीसीएफ) बनाने का वायदा किया था। लेकिन अभी तक एक भी स्टार्टअप को एक पैसा भी नहीं मिला है। इससे साबित होता है कि झूठे वादे और झूठी घोषणाएं करना खट्टर सरकार के लिए आम बात बन गई है।उन्होंने कहा कि हरियाणा में आए दिन व्यापारियों पर हमले हो रहे हैं और उन्हें लूटा जा रहा है। भाजपा सरकार में व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। जिस कारण हरियाणा की मशहूर टेक्सटाइल इंडस्ट्री भी हरियाणा छोड़कर जा रही हैं। भाजपा सरकार न खुद हरियाणा के लोगों को नौकरी दे रही और न नौकरी देने वाली इंडस्ट्रीज को सहयोग कर रही है।यही वजह है कि हरियाणा आज बेरोजगारी में देश में नंबर वन है।
उन्होंने कहा कि जहां हरियाणा में युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार सीएम भगवंत मान के नेतृत्व में लगातार इन्वेस्टमेंट ला रही है। पंजाब लगातार इन्वेस्टर्स की पहली पसंद बनता जा रहा है। पंजाब में भगवंत मान सरकार लगभग 56,796 करोड़ रुपए इन्वेस्टमेंट लाई है। पंजाब सरकार 5004 करोड़ मैन्युफैक्चरिंग में, 5632 करोड़ एलॉय स्टील एंड स्टील में, 6132 करोड़ एग्रो फूड प्रोडक्ट्स एंड प्रोसेसिंग में, 19,446 करोड़ हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल स्टेट में इन्वेस्टमेंट कर रही है।
इसके अलावा उन्होंने कहा कि 18 महीने में रिकॉर्ड 3751 इन्वेस्टमेंट प्रपोजल पंजाब सरकार के पास आ चुके हैं। यह सब पंजाब सरकार की उद्योग नीति और साफ नियत की वजह से हुआ है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार को लाया जाए और हरियाणा में डूबते हुए उद्योग और छोड़कर जाते हुए उद्योगों को दोबारा से उठाया जाए।

## अवैध कब्जों के कारण गंदा पानी सडक पर भर जाता है



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा( कुलदीप सिह )** पुरानी गुड़मंडी और पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली में निकासी ठप्प होने और लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों के कारण गंदा पानी सडक पर भर जाता है। जिससे आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
स्थानीय दुकानदार रविन्द्र, प्रवीन, नवीन, बिजेन्द्र रोहिल्ला, राजेश खोखर, पवन, अशोक कुमार, सुशील, अक्षय, भीम आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा नालियों की सफाई नहीं की रही है। इसके चलते गंदे पानी की निकासी ठप्प हो गई है। कई जगह लोगों द्वारा भी नालियों पर अवैध कब्जे किए गए हैं। इस कारण भी सफाई करने में नपा कर्मियों को परेशानी होती है। गंदा पानी सडक पर भरने से आवाजाही में परेशानी होती है। पुरानी गुड़मंडी में स्कूल व कॉलेज होने के कारण बच्चों को भी गंदे पानी से गुजरना पड़ता है। इस बारे में कई बार नपा को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस बारे में वो सीएम विंडो में शिकायत देंगे

## सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार के घर ईडी की रेड

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को अवैध माइनिंग के मामले में सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पंवार व उनके साथी सुरेश त्यागी के घर, कार्यालय और अन्य ठिकानों पर छापा मारा है। गुरुवार की सुबह ईडी की टीम सोनीपत जिले में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के सेक्टर 15 स्थित उनके घर पहुंची। ईडी ने कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के अलावा उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापा मारा है। मामला अवैध माइनिंग का बताया जा रहा है। ईडी के छापे के समय विधायक सुरेंद्र पंवार घर पर ही मौजूद थे। बता दें कि सुरेंद्र पंवार पहले इनेलो में रहे इसके बाद कांग्रेस में आए और चुनाव लड़ा रिकार्ड मतों के साथ जीते।

## पांच दिवसीय प्रकृति प्रेम व मानवता हित के सफल कार्यक्रमों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
पर्यावरण संरक्षण के सच्चे सिपाही मनोज सहरावत उर्फ जैंटलमेन के इस धरा पर अवतरण दिवस को पांचदिवसीय प्रकृति प्रेम व मानवता हित के सफल कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार से है, पहले रक्तदान शिविर, बीते साल मानव हठ में अबोध आत्माओं की असमय मृत्यु पर शान्ति हवन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शहर के सभी परिपक्व पेड़ों को लोहे की जेल से आजाद कराया जाएगा। मलिन बस्ती की कूड़ा बीनने वाली नारी को नारी शक्ति सम्मान से नवाजा जायेगा। अनाथालय में जाकर



अनाथ बच्चों के संग पल बीताकर, उन्हें भरपूर सनाथ जैसे प्यार से ओतप्रोत किया जाएगा और उनके उज्जवल भविष्य बनाने में उनका सहयोग करेगें।
इस कार्यक्रम में सवे मदर प्लेनेट सोसाइटी, सुनो नहरो की पुकार मिशन, शहीद रविन्द्र सिंह फाउंडेशन, सारथी सहयोग परिवार, अन्य गणमान्य सकरात्मक चिंतक संगठन व समस्त शिक्षा परिवार सहयोगी रहेगें। प्रकृति ही सभी आयोजनों में मुख्य अतिथि रहेगी।

## सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया: सीताराम

**संकल्प यात्रा**

8 मोहलड़ा व सलीमपुर में अटेली विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल** । विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बृहस्पतिवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव बवाना व डुलाना, अटेली खंड के मोहलड़ा व सलीमपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव नियामतपुर व मौरुंड तथा निजामपुर खंड के बामनवास व पवेरा गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की



शपथ दिलाई।
गांव मोहलड़ा व सलीमपुर में अटेली विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं बवाना में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, नियामतपुर, मौरुंड, बामनवास व पवेरा में बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव तथा डुलाना में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।
अटेली विधायक सीताराम यादव ने गांव मोहलड़ा में संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। इस यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा कर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है।
पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने गांव बवाना में संबोधित करते हुए कहा कि गरीब नागरिकों को इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त करते हुए सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके बहुत बड़ी राहत दी है। इसी प्रकार किसानों के लिए फसल बीमा योजना तथा किसान सम्मान निधि योजना लागू करके उनका आर्थिक उत्थान किया है। उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा। हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचना ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन कार्यक्रमों का हिस्सा बनकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

## रेहड़ी वाले पर दबाव बनाकर अवैध वसूली करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** थाना शहर की टीम ने रेहड़ी वाले पर दबाव बनाकर अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में 2 जनवरी को शिकायतकर्ता विनोद कुमार पुत्र स्व. श्रीराम वासी फूसगढ़ ने शिकायत दी थी कि वह पुरानी सब्जी मंडी मछली मार्किट में मछली की रेहड़ी लगाता है। वहां दो व्यक्ति अभिषेक और गणेश कुछ दिन पहले आकर चार किलो मछली ले गए थे, जिनकी कीमत बारह सौ रुपए आरोपियों से मांगने पर उन्होंने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की और गली गलोच की और वहा से चले गए।
इसी तरह 1 जनवरी को भी दोनों आरोपी शराब पीकर आए और हफ्ता मांगने लगे। शिकायतकर्ता ने पैसे देने से मना कर दिया, लेकिन फिर भी दोनों आरोपी शिकायतकर्ता से आठ सौ रुपए जबरदस्ती छीनकर चले गए और धमकी देकर गए कि अगर पुलिस को शिकायत दी तो जान से मार देंगे। शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में दबाव बनाकर अवैध वसूली करने के जुर्म में आईपीसी की धारा 379ब, 384, 506, 34 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों अभिषेक पुत्र सुरेंद्र वासी सेक्टर 16, करनाल और गणेश पुत्र हरिराम वासी आनंद विहार करनाल को सेक्टर-16 से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से एक सौ पच्चीस रुपए बरामद किए गए। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप प्रारंभ

**ऑल** इंडिया योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन द्वारा माहेश्वरी भवन में आयोजित 9वी नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व मंत्री दीपक जोशी, कमलेश पालीवाल, ईश्वर बाहेती, मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनारायण यादव, नवीन गौड़, ईश्वर सिंह चौहान, पार्षद पंखुड़ी दोषी, पार्षद मृदुल अग्रवाल ने महर्षि पतंजलि मुनि की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया । अतिथियों का स्वागत झम्मन सिंह चौहान, दुगार्शंकर मोयल, अनुराग तिवारी, रोहित बाजपई, सतीश मालवी, मानसी बागोरा, केजी मिश्रा आदि ने किया । कार्यक्रम का संचालन रुद्राक्ष शर्मा व आभार प्रदर्शन गुलाब सिंह चौहान ने किया।

## जसबीर दोदवा ने ग्रहण किया जिलाध्यक्ष का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ संजीव कौशिक/ भंवर सिंह**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रदेश में अपने संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिसमें प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। सोनीपत से जसबीर दोदवा को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यालय सोनीपत सेक्टर आठ में जसबीर दोदवा ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार दिलाने के लिए सांसद रमेश कौशिक मुख्य रूप से पहुंचे। जसबीर दोदवा को कार्यभार



सौंपने की प्रक्रिया सोनीपत में पूरी की गई। विधिवत रूप से कार्यभार सौंपने के लिए पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा भी मौजूद रहे। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि पार्टी ने सभी जिलों के अध्यक्ष नियुक्त कर दिए हैं। जसबीर दोदवा ने कहा कि मैं गरीब परिवार से हूं। मुझे जिले की जिम्मेदारी दी गई है। यह हमारी पार्टी की खुबसूरती है। पार्टी में निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ता को उसका सम्मान दिया जाता है। जिले में पार्टी को ओर भी मजबूत किया जाएगा। पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी विपल्ब देब, सांसद रमेश कौशिक, विधायक मोहन लाल बडौली आदि का दिल से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर परमवीर सैनी, दिनेश स्वामी, ललित बत्रा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मदन, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकेश बत्रा आदि ने जसबीर दोदवा को शुभकामनाएं दी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव बवाना व डुलाना पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़ । विकसित भारत संकल्प यात्रा आज महेंद्रगढ़ खंड के गांव बवाना व डुलाना पहुंची। बवाना में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र आर्य भी मौजूद थे। गांव बवाना के सरपंच प्रवीन कुमार ने गांव के नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव डुलाना में मुख्य अतिथि सुधीर दीवान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे। गांव डुलाना में गांव के सरपंच मुकेश देवी ने विकसित



भारत की शपथ दिलाई।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि सरकार आज जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आपके द्वार पहुंची है।अब आमजन को किसी दफ्तर में नहीं जाना पड़ता।
जो व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित रह गए वो उन योजनाओं का लाभ उठा सकता है।
इस मौके पर मुख्य अतिथि ने गांव के शहीद लालाराम के परिजनों को सम्मानित व गांव के सबसे बुजुर्ग पुरुष मोलड़राम व सबसे बुजुर्ग महिला गिरदारवी को सम्मानित किया। इसी प्रकार गांव डुलाना में गांव के सबसे बुजुर्ग पुरूष नोरंगलाल व बुजुर्ग महिला शांति देवी को सम्मानित किया।
इस मौके पर मुख्य अतिथि ने गांव के स्कूल के टॉपर बच्चे हिना, चंचल, देविका, राखी, कोशल, गगनदीप, ईशा, मुस्कान, मोहित व बॉक्सिंग में स्टेट जूनियर चैंपियन लोकेश को सम्मानित किया।
गांव बवाना में मुख्य अतिथि सुधीर दीवान ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गांव की पानीता, सुशीला, सुमन, गीता, रिंकू यादव, रेखा, कविता, मनीषा, रूपा, कमला को गैस कनेक्शन दिए। इस मौके पर लाभार्थी ने कहा कि अब उनकी रसोई धूएं से मुक्त हो जाएंगी।

## चोरी के आरोपी रवि व कुलबीर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना नारायाणगण क्षेत्र से चोरी के मामले में 3 जनवरी 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी रवि कुमार निवासी गाँव तानका माजरा थाना शहजादपुर जिला अम्बाला व आरोपी कुलबीर सिहँ निवासी गावँ सलौला थाना शहजादपुर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर




माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री गुलफान निवासी गाँव राउ माजरा ने 1 जनवरी 2024 को थाना नारायणगढ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 दिसम्बर 2023 को नारायणगढ सरकारी पैट्रोल पम्प से किसी अज्ञात ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआइए-1 अम्बाला को सौंप दी थी।

# 'सीएम के नेतृत्व में विकास के नए रास्ते खुले'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**



**अम्बाला शहर के** विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश मे विकास के नए रास्ते खुले हैं। प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को करवाकर लोगों का विश्वास जीतने का काम किया है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से योग्य पात्रों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य किया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भारत का गौरव बढ़ा है। विधायक आज विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के तहत गांव गोरसिंया, नग्गल-हसनपुर व डंगडेरियां में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहीं। विधायक ने इस मौके पर हमारा संकल्प विकसित भारत की उपस्थित सभी को शपथ दिलवाते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया हैं, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी। इस सपने को साकार करते हुए देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूचि में शामिल करने का काम करना हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 38वां विकसित राष्ट्र की सूची मे शामिल होगा। इससे पहले 37 राष्ट्र विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हैं। गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि इस यात्रा को लेकर ग्रामीणों व अन्य में भारी उत्साह व जोश है, ऐसी पहली सरकार है जोकि घर द्वार पर आकर लोगो की समस्याओं को जानकर उनका निवारण करने का काम कर रही है। विधायक ने इस मौके पर स्टॉलों का अवलोकन करते हुए सम्बधिंत अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि जो भी व्यक्ति उनके पास आता हैं, उसे योजनाओं बारे मार्गदर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य करें। उन्होंने ग्रामीणों को यह भी कहा कि यदि किसी भी ग्रामीण की योजनाओं से सम्बधिंत कोई समस्या या अन्य बात है वह उपस्थित अधिकारियों को इन बारे बताकर अपनी समस्या का हल करवा सकता हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गांव गोरसियां में 8 आयुष्मान कार्ड, बुढापा पैंशन के 2, गांव नग्गल में 23 आयुष्मान कार्ड, एक दिव्यांग पैंशन तथा डंगडेरियां में आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों व अन्य को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# 'गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत** ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने वीरवार को गांव नांगल खेड़ी व सिवाह में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर अंत्योदय के सपने करने के साथ-साथ गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है।

विधायक महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार ने किसानों का लाभ दुगना करके साबित कर दिया है कि सरकार किसान हितैषी है। आयुष्मान योजना के तहत हर एक आदमी का 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कार्ड बनाकर हर व्यक्ति के स्वास्थ्य की चिंता की है और घर-घर पहुंचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर भारत वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है।

महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार ने जो व्यवस्था परिवर्तन किया है उसे हर नागरिक को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है। इस दिशा में परिवार पहचान पत्र सबसे अहम दस्तावेज बनकर उभरा है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह के साथ मिलकर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए प्रतिज्ञा ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। इस मौके पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमित चौधरी तथा गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण होते हैं एन एस एस शिविर : ऋषिपाल मथाना

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)श्रीमद्भागवतगीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य ऋषिपाल मथाना का आगमन हुआ। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया और केवल प्रमाण पत्र के लिए नहीं बल्कि मन से समाज सेवा करने के लिए एन एस एस से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की पूरे विद्यालय में एनएसएस के स्वयंसेवक का व्यवहार सबसे अलग व अनुकरणीय होना चाहिए और विद्यालय से शिक्षा पूरी करने के बाद आपके जीवन में भी एनएसएस के इस प्रकार के शिविरों में सीखा गया व्यवहारिक ज्ञान स्पष्ट दिखना चाहिए।उन्होंने टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज के द्वारा किए गए एक रिसर्च के बारे में बताया जिसमें यह पता लगा व्यक्ति के जीवन में सफल होने के पीछे एनसीसी व एनएसएस का बहुत बड़ा योगदान होता है। जितने भी सफल व्यक्तियों पर यह सर्वे किया गया तो यह बात सामने आई कि उनमें से अधिकांश के पास विद्यालय स्तर व महाविद्यालय स्तर पर एन एस एस या एनसीसी रही है। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने उनका विद्यालय आगमन पर हार्दिक धन्यवाद किया व आभार व्यक्त किया।इसके पश्चात एनएसएस के छात्रों के बीच में एक स्लोगन प्रति स्लोगन लेखन प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस अवसर पर विनोद गोयल, सुशील शर्मा, रवि , साहिल सैनी आदि उपस्थित रहे।

### गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह में आंखों का निशुल्क कैंप लगाया

**समालखा/कमाल हुसैन**

**गुरुद्वारा श्री** गुरु गोविंद सिंह जीटी रोड स्थित समालखा में वीरवार को चिरंजीवी भवः वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आंखों का निशुल्क कैंप लगाया गया ' जिसमें लगभग 55 लोगों ने अपनी आंखों की निशुल्क जांच करवाई फाउंडेशन की ओर से लोगों को निशुल्क दवाई और चश्मे भी दिए गए ' इस मौके पर गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब मॉडल टाउन के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने और जीटी रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रधान गोपाल सिंह ने यह कैंप लगाने के लिए धन्यवाद किया, और फाउंडेशन की जमकर तारीफ की ' इस मौके पर डॉ बबीता रावल, डॉ दिलसाद ,डॉ सुमित, डॉ अंकित सहित अन्य स्टाफ मौजूद था

### नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है एनएसएस :लक्ष्मीनारायण



**सोनीपत: मुरथल अड्डा** स्थित कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित साप्ताहिक राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प में पधारे आरोग्य भारती के जिला योग प्रमुख व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण ने कैम्प में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपस में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है।

योग इस भावना को मानसिक,शारीरिक और आध्यात्मिक स्तर पर विकसित करने में सहायक होता है,अतः सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। इससे वे स्वयं स्वस्थ रहकर स्वस्थ परिवार,समाज और राष्ट्र के निमार्ता बनेंगे। उन्होंने छात्राओं को सूर्यनमस्कार के अभ्यास व प्राणायामों से होने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए भस्त्रिका,कपालभाति, अनुलोमविलोम, उज्जाई, भ्रामरी आदि का अभ्यास करवाया।

आरोग्य भारती हरियाणा प्रान्त के सचिव डॉ यशपाल आर्य ने छात्राओं को संतुलित आहार के लाभ तथा फास्ट फूड से होने वाले नुकसानों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों का चयन करना और उचित अनुपात में खाना उनके आहार को गुणकारी और संतुलित बनाने का एक तरीका है।

सबसे है डॉ सुनीता ढुल के मार्गदर्शन में छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर के साथ विद्यालय की परिक्रमा करते हुए नारों के साथ रैली निकाली गई। कार्यक्रम में प्राचार्या सुमनबाला,सुमन देशवाल भी उपस्थित रहीं।

# डीसी ने बाल भवन में ओपन शैल्टर होम का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उपायुक्त डा.शालीन** ने अम्बाला छावनी बाल भवन स्थित ओपन शैल्टर होम तथा यहां पर वोकेशनल कोर्स के साथ-साथ जो अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उसका जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम अम्बाला छावनी लक्षित सरीन भी मौजूद रहे।

उपायुक्त डा. शालीन ने बाल भवन स्थित ओपन शैल्टर होम के साथ-साथ यहां पर जो व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध हैं, उस बारे जिला बाल कल्याण परिषद अधिकारी शिवानी सूद से जानकारी हासिल की। बाल कल्याण परिषद अधिकारी शिवानी सूद ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि ओपन शैल्टर होम में स्लम बस्ती के रहने वाले बच्चों को यहां पर बेसिक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ भोजन भी उपलब्ध करवाने का काम किया जाता है। इसके साथ-साथ यदि कोई गुमशुदा बच्चा होता है, उसे यहां पर 7 से 14 दिन तक अस्थाई तौर पर रखने का काम किया जाता है। इस समय में यदि बच्चे के परिजनों का पता चल जाता है तो औपचारिकताएं पूरी करवाकर बच्चे को परिजन को सौंप दिया जाता है, अन्यथा नारायणगढ़ स्थित बाल आश्रम में बच्चे को रखा जाता है, जहां पर सम्बन्धित को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने यहां पर कितने बच्चों को कम्पयूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और प्रशिक्षण हासिल करने के बाद कितने बच्चो को रोजगार मिला है उसकी भी उन्होने जानकारी ली। कम्पयूटर टीचर इंद्रजीत ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि यहां पर दसवीं व बारवीं पास करे विद्यार्थियों को कम्पयूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें बेसिक ट्रेनिंग के साथ-साथ टेली, जीएसटी, लैंगवेज, ईआरआई आदि का प्रशिक्षण दिया जाना शामिल है।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ओपन शैल्टर होम में क्या व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं, उसकी भी जानकारी ली। यहां पर 25 बच्चों को रखने की व्यवस्था है जिन्हें दिन में एक बार भोजन भी उपलब्ध करवाया जाता है। इसके साथ-साथ यहां पर कढ़ाई-सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें बच्चों द्वारा जो उत्पाद तैयार किए जाते हैं उन्हें एग्जीबिशन में रखा जाता है। उपायुक्त ने बच्चों द्वारा बनाए गये उत्पादों को भी देखा और यहां पर जो उत्पाद तैयार किए गये थे, उनकी भी सराहना की।

# अधिकारियों को जिला सचिवालय में आवश्यक दिशानिर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**उपायुक्त डॉ.** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने खुखराना गांव को शिफ्टट करने के मामले को लेकर वीरवार को अधिकारियों को जिला सचिवालय में आवश्यक दिशानिर्देश दिए और कहा कि जल्द से जल्द गांव वासियों को प्रोपर्टी कार्ड वितरित कर उन्हें शिफ्टट करवाएं। इस अवसर पर उन्होंने तहसीलदार और बीडपीओ को कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस महीने में बिजली की व्यवस्था हो जानी चाहिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी और पब्लिक हैल्थ विभाग के अधिकारियों से भी उनके कामों के बारे में जानकारी ली और लम्बित कामों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव वासियों को शिफ्टिटंग में किसी प्रकार की कोई भी समस्या नही आनी चाहिए। बैठक में मौजूद गांव की सरपंच से भी उपायुक्त ने बात की और उन्हें आश्वस्त किया कि हर समस्या का तय समय अवधि में निदान किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि लाल डोरे के अन्दर और बाहर हर प्रकार के प्लाटों की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर ही गांव वासियों को प्रोपर्टी कार्ड बनाकर दिए जाएं।

# हर वर्ग के सैकड़ों युवाओं ने विजय जैन के ऑफिस पहुंच कर जैन को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**



**बिजेंदर राणा** और मोंटी राणा के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने ग्रामीण हलके के भाजपा के लोकप्रिय नेता व वरिष्ठ समाजसेवी विजय जैन के कार्यालय में पहुंचकर उनको नव वर्ष की शुभकामनाएं दी, हर संभव साथ देने का वादा किया। इस अवसर पर युवाओं ने विजय जैन का फूल मालाओं और बुके देकर भव्य स्वागत किया युवाओं को संबोधित करते हुए जैन ने कहा है कि युवा शक्ति ने मुझे जो प्यार व आशीर्वाद दिया है मैं आप लोगों का सदैव आभारी रहूंगा और जीसके साथ युवा शक्ति जुड़ जाती है। उसको चुनाव में कोई हरा नहीं सकता उन्होंने कहा है कि आप लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से आज मुझे जो ऊर्जा मिली है। मैं उसको सदैव याद रखूंगा और सदैव आपके दुख सुख में साथ खड़ा रहुग और पानीपत ग्रामीण हल्के की बाहरी कॉलोनी में जो गरीब जनता बस्ती है। उनके लिए सदैव सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहकर के कार्य करूंगा और सदैव उनकी सेवा करता रहूंगा।

# जीवन रक्षक फाउंडेशन के 2 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में किया श्री राम मंदिर रोहट पर हवन

**सोनीपतः दिनांक** 4 जनवरी को जीवन रक्षक फाउंडेशन को रजि हुए पूरे 2 वर्ष हो गये है और इसी उपलक्ष में फाउंडेशन के अध्यक्ष गऊ सेवक नीरज द्वारा एक हवन का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दूर से युवा साथी भी आये थे और गौरक्षा दल के सदस्य भी शामिल थे। 2 वर्ष पूरा होने पर हवन यज्ञ करवाया गया और युवाओं को हवन यज्ञ के प्रति जागरूक किया गया। गौसेवा और हिन्दू संस्कृति के बारे में भी आचार्य जी ने भी अपने विचार रखे। युवाओ को नशे से दूर रहना और राष्ट्र के प्रति समर्पित होना ये सब युवाओं को बताया गया।

# 'यह विदाई समारोह नहीं बल्कि सम्मान समारोह है'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**



**पांच** वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पानीपत नगर निगम की मेयर अवनीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट्ट और डिप्टी मेयर रविन्द्र फूले, को वीरवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया, नगर निगम आयुक्त राहुल नरवाल एवं अन्य अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन ने नगर निगम के प्रतिनिधियों के साथ एक टीम की भांति काम किया। जब हम एक टीम के रूप में काम करते हैं तो उसका परिणाम हमेशा जनता की जरूरत के हिसाब से ही आता है। उन्होंने कहा कि यह विदाई समारोह नहीं बल्कि एक सम्मान समारोह है।

इस दौरान मेयर अवनीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन ने हमें खूब सहयोग दिया, चाहे गौवंश को पकडकर नैन गौशाला ले जाने की बात हो या फ्द्लाईओवर पर कट खोलने की बात हो हमारी हर बात को प्रशासन ने सिरे चढ़ाया है। हम इसके लिए जिला प्रशासन के हमेशा धन्यवादी रहेंगे।

इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट्ट ने कहा कि जिला प्रशासन का सहयोग हमें निरन्तर पांच सालों तक मिला। आगे भी यह सहयोग हमें यूंही हमें मलता रहेगा, इसकी हमें उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि पानीपत की मेयर प्रत्याशी अवनीत कौर ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी और भारत में सबसे युवा मेयर बनी थी। अवनीत कौर ने अंशु पाहवा को 74 हजार 940 वोटों से हराया था। अवनीत कौर को 126321 वोट मिले थे। मेयर बनने के तुरंत बाद भारत देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने बुलाकर उन्हें बधाई दी थी। भारतीय जनता पार्टी ने अवनीत कौर की कार्यप्रणाली को देखते हुए ओ बी सी मोर्चा में राष्ट्रिय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया था। इस मौके पर एडीसी वीना हुड्डडा, एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीटीएम राजेश सोनी, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान में सरस्वती नदी पर स्थापित किया जाएगा एक रिसर्च सेंटर : धुमन




**टीम एक्शन इण्डिया / कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )हरियाणा**

**सरस्वती** धरोहर बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने जोधपुर राजस्थान में स्थापित इसरो के रिमोट सेंसिंग स्टेशन पर जा कर उन सैटेलाइट को देखा जो लगातार सरस्वती नदी के बहाव की तस्वीरे भेज रहे है। इसके साथ-साथ उस केंद्र को देखा जहां पर सरस्वती नदी पर शोध व इसरो द्वारा भविष्य में कैसे स्पेस यान देश की प्रगति में शामिल हो सकते है। भारत का भविष्य अब स्पेस की योजना पर निर्भर होगा ऐसा इस सेंटर में आकर देखा।बोर्ड उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि अभी तक स्पेस में जो सैटलाइट भेजे है, सभी के सभी सरस्वती के पैलियो चैनल को सुबूत के तौर पर पेश कर चुके हैं और अब इस कार्य को धरातल पर लाने की तैयारी राजस्थान में है जिसको लेकर एक रिसर्च सेंटर जोधपुर या जयपुर में स्थापित करने का प्लान है। सरस्वती बोर्ड की टेक्निकल समिति के सदस्य वह इसरोके पूर्व डायरेक्टर डा. जेआर शर्मा व इस सेंटर के अधिकारियों से चर्चा हुई। इस चर्चा में राजस्थान में सरस्वती बहती रही है। इसको लेकर सभी ने माना की सरस्वती यहां से बहती थी और आज भी उसके अंश यहां पर मिलते हैं। सरस्वती की शाखा लूनी नदी जो लगभग राजस्थान के आधे हिस्से को क्रॉस करके गुजरात के रन ऑफ कच्छ में गिरती है उसके ऊपर भी शोध कार्य आरंभ किया जा रहा है। माना ये जाता है कि लूनी नदी भी सरस्वती नदी का ही शाखा है और यह खुद भी गुजरात उसी क्षेत्र में गिरती है जिसने सरस्वती नदी गिरती थी। विगत है कि अबकी बार सरस्वती नदी का पानी सिरसा ओ टू हैड से होते हुए राजस्थान में गया था। इसी सतह को सरस्वती बोर्ड की टीम ने जांचा और पाया कि वह सरस्वती का जो प्राकृतिक बहाव है और राजस्थान से होकर ही गुजरात में जाता है।

# 'जीवन के हर दौर में अनुशासन आवश्यक'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**



**आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय के सात दिवसीय शिविर के आज पांचवे दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की पूर्व प्राचार्या सुशीला घनघस रही तथा विशिष्ट अतिथि आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधान सुमित्रा अहलावत रही। प्राचार्य मनीष घनघस तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं मुख्य अतिथि सुशीला घनघस ने कहा कि भारतीय संस्कृति जो पूरे देश में जानी जाती है। एनएसएस के शिविर में स्वयंसेवकों को समाजसेवा, देशभक्ति व संस्कृति के बारे में सिखाया जाता है। विशिष्ट अतिथि सुमित्रा अहलावत ने कहा कि जीवन के हर दौर में अनुशासन आवश्यक है और यह एक सभ्य समाज की नींव है। यह न केवल हमें एक जिम्मेदार इंसान बनने में मदद करता है बल्कि हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करता है। सायंकालीन सत्र में फायर सेफ्टी विभाग के फायर फाइटर धर्मेंद्र ने एनएसएस स्वंयसेवकों को फ ायर एंड सैफ्टी विषय से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अग्निशमक यंत्र का प्रयोग कैसे किया जाता है और सिलेंडर जब आग पकड़ ले तो उससे स्वंय की सुरक्षा कैसे की जा सकती है।

# ऑनलाइन एजुकेशन भविष्य की शिक्षा है : प्रो. संजीव शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन एजुकेशन भविष्य की शिक्षा है तथा भविष्य में ऑनलाइन एजुकेशन को बढ़ावा देकर इसे और मजबूती प्रदान बहुत आवश्यक है। वे गुरुवार को केयू सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन द्वारा ह्यऑनलाइन शिक्षा एवं उसके रास्तेह्न विषय पर आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन एजुकेशन को बढ़ावा देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 2023 में 18 ऑनलाइन प्रोग्राम्स शुरू किए गए हैं जिसका फायदा दूर बैठे ही विद्यार्थियों को मिल रहा है। कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने ओडीएल, ऑनलाइन और नियमित शिक्षा के बीच समानता और इनके बीच गतिशीलता की सुविधा पर भी जोर दिया।केयू सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य ऑनलाइन शिक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा संबंधित कॉलेजों में इन प्रोग्राम्स को शामिल करना है।

# शोभायात्रा को लेकर श्री राम मंदिर में बैठक का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**अयोध्या** में 22 तारीख को लगभग 550 साल बाद हो रहे दशरथनंदन राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में बैठकों का दौर जारी है। भारत के तमाम हिंदू संगठन अपने अपने तरीकों से उत्सव की तैयारियों मे जुटे हैं।
इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा के मजलिस पार्क स्थित श्रीराम मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में आदर्श नगर क्षेत्र की लगभग सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।
इस मौके पर क्षेत्र की लगभग सभी सामाजिक और धार्मिक संस्था के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभी ने एक स्वर में इस उत्सव में भरपूर योगदान देने का आह्वान किया।
**मुख्य रूप से ये लोग रहे मौजूद :** इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता राज कुमार भाटिया, नई दिल्ली ज़िले के भाजपा प्रभारी अजय शर्मा, पूर्व सिविल लाइन जोन चेयरमैन नीलम बुद्धिराजा, महंत अनिल शर्मा, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, संयोजक रवि भारद्वाज, वाईस चेयरमैन रामलाल उनियाल, राम मंदिर के प्रधान नरेश टंडन, महासचिव सुनील खन्ना, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, उपप्रधान दयाकिशन अग्रवाल, अग्रवाल सभा से जगदीश गर्ग, क्लब पंजाबिया दा से राम कुमार बरार, मनोज दुआ, आदर्श नगर विस्तार आरडब्ल्यूए से सुरेश कुमार बल्ला, सरदार बेयंत सिंह, ए ब्लॉक शिव मंदिर के प्रधान राम करण कंसल, आदर्श नगर क्लब के प्रधान मनीष कंसल, गोपाल खनेजा, अनुभव धीर, सीता राम शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, विश्व हिंदू परिषद मुखर्जी नगर ज़िले के अध्यक्ष सुरेन्द्र बुद्धिराजा, अनुभव धीर, अश्वनी चावला, गुरमीत सिंह, मनजीत सिंह सोढी, नीरज कपूर, सुशील बंसल, गंगा जल सेवा समिति से महावीर गोयल और सुशील, प्रमोद नरूला इन्द्रा नगर महावीर मंदिर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# त्रीनगरः देश की विभिन्नता ही दर्शाती है सामाजिक समरसताः संजय शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सामाजिक समरसता** का अर्थ है सामाजिक समानता अर्थात जातिगत भेदभाव एवं अस्पृश्यता का जड़मूल से उन्मूल कर लोगों में परस्पर प्रेम एवं सौहार्द बढ़ाना तथा समाज के सभी वर्गों एवं वर्णों के मध्य एकता स्थापित करना। इसी क्रम में त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-63 से भाजपा नेता संजय शर्मा निरंतर लोगों से जनसंपर्क कर रहें है। संजय शर्मा ने बताया कि मैं निरंतर अपने क्षेत्र के लोगों से मिलता जुलता रहता हूं तथा हमेशा ही क्षेत्र की जनता से संपर्क करता रहता हूं। संजय शर्मा ने बताया कि समरसता का अर्थ है सभी लोगों को एक समान समझना व बिना भेदभाव के अपने समान समझना। सृष्टि में सभी मनुष्य एक ही ईश्वर की संतान है और उनमें एक ही चैतन्य विद्यमान है इस बात को हृदय से स्वीकार करना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और संजय शर्मा के कार्यों की सराहना की।







# पेंशन फाइटर संस्था ने सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**फाइटर पेंशन** संस्था द्वारा नज़फगढ़ कि डेसू कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रिठाला से आम आदमी के विधायक महेंद्र गोयल, मुडका से पूर्व विधायक सुखबीर दलाल के साथ-साथ पेंशन फाइटर के पदाधिकारी प्रधान वीरेंद्र शर्मा, अनिल त्यागी, रविंद्र भाटी, ओमकुमार, अमीरचंद, अनिल अरोड़ा, पीपी गुप्ता, रामकुमार, योगेश शर्मा, महेंद्र, प्रेम शर्मा, छोटी पहलवान सहित के अतिरिक्त पेंशनर एसोसिएशन के प्रधान हरी राम भारद्वाज, अनिल शर्मा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस मौके पर किसी न किसी पद से रिटायर्ड कर्मीयों ने उपस्थित नेताओं को माल्यार्पण व शाल उड़ाकर स्वागत किया। विधायक महेंद्र गोयल और पूर्व विधायक सुखबीर दलाल ने सभा को संबोधित किया। इसी दौरान नेताओं ने रिटायर्ड साथियों की समस्याओं को आपस में मिलकर जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। मुख्य रूप से कैशलेस मेडिकल सुविधा, बकाया एरियर, बाकी लंबित मांगों को लागू करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पेंशन फाइटर के कार्यकर्ता अशोक गोयल, अशोक शर्मा, राजेंद्र शर्मा, जगदीश ने सभी उपस्थित रिटायर्ड साथियों व सभी नेताओं का कार्यक्रम में शामिल होने पर धन्यवाद किया।

# सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित दल है भाजपाः माधव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**भारतीय जनता** पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारिक राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है। भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे। उक्त बातें माडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संगम पार्क 67 से भाजपा के पूर्व पार्षद माधव प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा को एक पंक्ति में कहना हो तो वह है 'भारत माता की जय'।



यह हमारी माता है और हम सभी भारतवासी उसकी संतान हैं। एक मां की संतान होने के नाते सभी भारतवासी सहोदर यानि भाई-बहन हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास नीति को अपनाते हुए सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलती है।

# नरेला विकास संगठन ने सेवा आश्रम में मनाया नववर्ष का जश्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** की प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था नरेला विकास संगठन ने नववर्ष के पहले दिन सिंघु बॉर्डर रोड़ स्थित सेवाश्रम में वृद्धजन व असहाय जनो की सेवा करने के साथ उनका सम्मान और अभिनंदन किया। जिसके चलते सेवाश्रम में रह रहे वृद्ध असहाय जन खुशी से अभीभूत नजर आए। इस अवसर पर नरेला विकास संगठन के पदाधिकारियो ने सेवा आश्रम में रह रहे सभी वृद्ध असहायों को स्नेह के साथ भोजन भी करवाया कराया, और उनका आशीर्वाद भी लिया। और उनके साथ नए साल का जश्न मनाकर खुशियों को साझा किया। इस दौरान नरेला विकास संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। नरेला में नववर्ष उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नववर्ष के मौके पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। किसी ने नववर्ष की पार्टी का आयोजन किया तो किसी ने मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान करके नववर्ष मनाया। मगर इन सब से अलग नरेला में एक ऐसी संस्था है जिसका नाम है नरेला विकास संगठन जिसकी पूरी टीम ने नवाचार करते हुए सिंघु बॉर्डर रोड़ स्थित सेवाश्रम में रहने वाले वृद्ध, असहायों के साथ न केवल नए साल जश्न मनाया, बल्कि उनको अपने हाथों से भोजन कराकर उनके चेहरे पर खुशी लाने का काम भी किया। इस दौरान संस्था पदाधिकारियो द्वारा सेवा आश्रम में रहने वाले 100 से ज्यादा वृद्धो, असहायों को भोजन कराकर फल वितरण करके पुण्य लाभ कमाया और उनको नववर्ष की बधाई दी। इस मौके पर नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल ने सभी को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर कंबल वितरण, ब्लड कैंप, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों जरूरतमंदों की सेवा उनका सम्मान करने के तुल्य इस सृष्टि में कोई पुण्य और आध्यात्मिक सुख नहीं है। वहीं संस्था अध्यक्ष चौधरी अब्बास अली ने सभी को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि बुजुर्ग, असहाय देवता के समान होते हैं। उनके चरणों में ही दुनिया के सभी सुख निहित हैं। उन्होंने लोगों से अच्छे आचरण करने की अपील की और कहा कि पिछले वर्ष को भुलाकर नव वर्ष में सेवाकार्य करने का संकल्प लें। इसके पश्चात हरिश्चंद्र रोड़ स्थित प्रसिद्ध केसरिया ढाबा में संस्था पदाधिकारियो के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल, चेयरमैन हाजी अब्बास अली, महासचिव एनडी अरोड़ा, सचिव राजेंद्र राठधनिया, वरिष्ठ उप प्रधान अनिल आर्य, उप प्रधान डॉ रजनीश गुप्ता, रियासत अली रचना, संगीता, सतवंती सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।







# 26 से 28 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा तीसरा सांसद खेल महोत्सव: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी जूनियर और सीनियर खिलाडियों की इस खेलकूद प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम ने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव 26 से 28 तक जनवरी फरीदाबाद और पलवल जिला में आयोजित किया



जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद और जिला के प्रशासनिक और खेल अधिकारियों को तीसरे सांसद खेल महोत्सव के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं । डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इस खेल महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों को भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार खेलों की संख्या और इनमें प्रतियोगिताओं के मद्देनजर खिलाड़ियों की संख्या 10 से 12 हजार से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए स्थान, नोडल अधिकारी व अन्य व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएगी। वहीं प्रत्येक गेम के साथ उसकी एसोसिएशन को भी जोड़ा गया है। डीसी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। इस बार खेलों की संख्या 14 कर दी गई हैं। इस बार सांसद खेल महोत्सव की खेल प्रतियोगिताओं की संख्या भी बढ़ा दी गई हैं।

सांसद खेल महोत्सव में यह होंगे खेलः-

सांसद खेल महोत्सव में एथलेटिक्स, सर्कल कबड्डी एवं नेशनल स्टाइल कबड्डी, फुटबॉल, बैडमिंटन, पैरा बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्सा कस्सी, खो-खो, बास्केटबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस, कुश्ती, बॉक्सिंग और तीरंदाजी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

कहां-कहां होंगी खेल प्रतियोगिताएंः-डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में एथलेटिक्स, सर्कल कबड्डी एवं नेशनल स्टाइल कबड्डी, रस्सा कस्सी, बास्केटबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस, कुश्ती, बॉक्सिंग और तीरंदाजी खेल प्रतियोगिताएं सेक्टर-12 खेल परिसर में, फुटबॉल की प्रतियोगिता नाहर सिंह स्टेडियम और मोडरें स्कूल सेक्टर-17 में, बैडमिंटन, पैरा बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कुश्ती की प्रतियोगिताए इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-31 में, वॉलीबॉल की प्रतियोगिता नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम आगरा चौक पलवल में आयोजित की जाएँगी।

# वोहरा बने भाजपा फरीदाबाद के ज़िला अध्यक्ष

## ज़िला अध्यक्ष बनने पर राजकुमार वोहरा ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और फरीदाबाद के दोनों मंत्रियों का किया आभार व्यक्त

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने बीती रात हरियाणा प्रदेश के पदाधिकारियों और ज़िला अध्यक्षों की सूची जारी की कफरीदाबाद के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजकुमार वोहरा को फरीदाबाद का नया ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किया गया क भाजपा हरियाणा द्वारा इन नियुक्तियों की जानकारी सार्वजनिक की कफरीदाबाद के नव नियुक्त ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा भाजपा फरीदाबाद के बहुत पुराने व सक्रिय कार्यकर्ता हैंकवोहरा पूर्व में संगठन में युवा मोर्चा से लेकर मंडल और ज़िले में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं क2016 से 2020 संगठन में ज़िला उपाध्यक्ष के तौर



पर और पूर्व में संगठन में महासम्पर्क अभियान के ज़िला संयोजक रहे हैं कराजकुमार वोहरा का परिवार दशकों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ से जुड़ा रहा है कइनके पिताश्री स्वर्गीय प्रेम स्वरूप वोहरा जी पाकिस्तान से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे और पाकिस्तान से भारत आकर जनसंघ के ज़िला अध्यक्ष भी रहे क

अपने पिताजी से प्राप्त संस्कारों के साथ राजकुमार वोहरा भी बाल्यकाल से जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं क ज़िला अध्यक्ष मनोनीत होने पर उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को ज़िला अध्यक्ष बनाकर ना केवल मुझे सम्मान दिया है अपितु पूरी पंजाबी बिरादरी का सम्मान बढ़ाया है उन्होंने कहा कि वह पूर्ण से ज़िम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे और पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा, मेहनत और कौशल के साथ भाजपा संगठन को आगे बढ़ायेंगे कमोदी मनोहर की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचायेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी योजनाएं पहुंचने का एक बड़ा माध्यम है विकसित भारत संकल्प यात्रा : टीपर चंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देशभर में एक साथ किया जा रहा है। भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्राएं बड़ी कारगर साबित होंगी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के दिशा-निर्देश पर बीजेपी नेता टीपर चंद शर्मा ने सिंगला धर्मशाला, सीही गेट, सेक्टर 1 में विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा नेता टीपर चंद शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घरद्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई है, जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है।

हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाईः-

भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।वहीं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टी द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी गीतों के जरिये बेहतर प्रस्तुतियां दी गई।

शिविर में लाभपात्रों को किया जा रहा है लाभान्वित :-

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को चिह्नित करके उन्हें पीएम-स्वनिधि, हेल्थ कैंप, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेट, पीएम-उज्ज्वला योजना का ऑन स्पॉट लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा शिविर लगा कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा दवाओं का वितरण भी किया गया। स्टॉल लगाकर अधिकारियों द्वारा लोगों को मोटा अनाज पर विशेष जानकारी उपलब्ध करवाई गई और अधिक से अधिक मोटा अनाज उपजाने तथा प्रयोग में लाने का आह्वान किया जा रहा है।

यात्राओं में एलईडी पर दिखाई जा रही है सरकार की उपब्धियों पर केंद्रित फिल्म -:

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रचार वाहन पर एलईडी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लघु फिल्म के रूप में दिखाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### फरीदाबाद के पन्हेड़ा खुर्द, जवां, नरियाला और पन्हेड़ा कला पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।

वीरवार को फरीदाबाद के पन्हेड़ा खुर्द, जवां, नरियाला और पन्हेड़ा कला में ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों को केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित किए गये कैम्पों के माध्यम से लोगों को अलग-अलग प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस संकल्प यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम को जोड़कर हरियाणा में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं को भी इसमें शामिल किया है, जिस बारे आमजन को जानकारी दी जा रही है और योजनाओं का लाभ नागरिकों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब योग्य व्यक्ति को कार्यालयों की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# चोरी का सीएनजी ऑटो खरीदने वाले आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम कल्लू(21) है जो उत्तर प्रदेश के मथुरा एरिया का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के मुझेड़ी में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को चोरी के सीएनजी ऑटो सहित काबू कर लिया।

# पुलिस ने उन स्थानों की पहचान की जहां होती है सबसे ज्यादा छेड़छाड़ की घटनाएं

महिला सुरक्षा

**8 महिलाओं की सुरक्षा हमारा पहला उद्देश्य - गीतिका जाखड़, डीएसपी जीन्द**

**टीम एक्शन इंडिया/जीन्द**

*पुलिस अधीक्षक जीन्द श्री सुमित कुमार* के निदेर्शानुसार *उप पुलिस अधीक्षक गीतिका जाखड* द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर आज शहर का दौरा किया उन्होने महिलाओं को परेशान करने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के इरादे से जिला पुलिस उन इलाकों की पहचान करने के लिए स्कूल जाने वाली



लड़कियों से बातचीत कर रही है, जहां जिले में सबसे ज्यादा छेड़छाड़ की घटनाएं होती हैं। इनमें से मुख्य रूप से उन कॉलेजो के सामने जहां आवारा लडके घूमते रहते हैं, पुराना बस अड्डा के पास बने बस स्टाप, नया बस अड्डा जीन्द व शहर के अन्य भीड-भाड वाले इलाकों की पहचान की गई है।

जानकारी देते हुए डीएसपी गीतिका जाखड ने बताया कि पुलिस ने जिले भर में उन स्थानों की पहचान करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है जो छेड़छाड़ के लिए संवेदनशील हैं। पुलिस ने कमजोर बिंदुओं को संकलित करने के लिए लड़कियों से जानकारी हासिल की जा रही है अब एंटी रोमियो स्क्वाड के रूप में कर्मियों को तदनुसार तैनात किया जाएगा। पुलिस एक नक्शा बनाने में सक्षम हो जाएगी जो उन इलाकों की पहचान करेगी जहां छेडछाड की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं।लड़कियों ने पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत की और सार्वजनिक परिवहन में यात्रा के दौरान उनके सामने आने वाले अनुभवों को साझा किया। हालांकि, डीएसपी ने छात्राओं को आश्वासन दिया कि स्कूल असेंबली और छुट्टी के समय उनके द्वारा पहचाने गए उत्पीड़न बिंदुओं पर बेहतर गश्त की जाएगी। इसके अलावा, रोड रोमियो पर उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सादे कपड़ों में पुरुष और महिला दोनों पुलिसकर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा। अधिकारी उच्च स्तर पर शिकायतों का पालन करने का भी आश्वासन देते हैं और पुलिस अधिकारियों और छात्राओं के बीच नियमित अंतराल पर अधिक बातचीत होगी।

***वन स्टाप सेंटर का किया औचक दौरा।***

*डीएसपी गीतिका जाखड* ने पीडित महिलाओं के लिए नागरिक हस्पताल में बने वन स्टाप सैंटर का भी निरिक्षण किया जहां उन्होने इन मामलों से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच की वहां तैनात कर्मियों से भी बातचीत करके जानकारी ली।

# गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह में आंखों का निशुल्क कैंप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह)**

गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह में आंखों का निशुल्क कैंप लगाया । गुरुद्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जीटी रोड स्थित समालखा में वीरवार को चिरंजीवी भवः वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आंखों का निशुल्क कैंप लगाया गया ' जिसमें लगभग 55 लोगों ने अपनी आंखों की निशुल्क जांच करवाई फाउंडेशन की ओर से लोगों को निशुल्क दवाई और चश्मे भी दिए गए ' इस मौके पर गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब मॉडल टाउन के



प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने और जीटी रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रधान गोपाल सिंह ने यह कैंप लगाने के लिए धन्यवाद किया और फाउंडेशन की तारीफ की '

इस मौके पर डॉक्टर बबीता रावल डाक्टर दिलसाद डॉक्टर सुमित डॉक्टर अंकित सहित अन्य स्टाफ मौजूद था '

# मोदी सरकार में 18 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन जारी हुए - सुधीर नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर के सेक्टर 37 स्थित कार्यालय पर उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन देने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक के भाई सुधीर नागर ने शिविर में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर सुधीर नागर ने कहा कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी हमारी मां बहनों को परिवार के लिए भोजन बनाने के लिए भारी धुएं का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी उनके लिए रसाई गैस की उज्ज्वला योजना लाए।

# ज्वाइंट सेक्रेटरी ए धनलक्ष्मी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- 2024 की तैयारियों की हुई समीक्षा बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।

ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान/(इँ२३) (ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान) की ज्वाइंट सेक्रेटरी श्रीमती ए धनलक्ष्मी ने आज संस्थान के बैठक कक्ष में सीपी राकेश आर्य और डीसी विक्रम सिंह के साथ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी में आयोजित होने वाले इंडियन इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल-2024 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से बिन्दुवार जानकारी लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीएचएसटीआई-आरसीबी कैंपस, एनसीआर बायोटेक साइंस सेंटर में भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- 2024 आयोजित किया जा रहा है।

फरीदाबाद में 17 से 20 जनवरी, 2024 तक टीएचएसटीआई-आरसीबी कैंपस, एनसीआर बायोटेक साइंस सेंटर में आयोजित होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- 2024 की तैयारियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभागों का आपसी बेहतर तालमेल जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- 2024 के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग के एडमिन हेड श्री सैन्टो ने भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- 2024 के लिए तमाम तैयारियों की समुचित व्यवस्थाओं की एक-एक करके बिन्दुवार बारीकियों से विस्तार पूर्वक जानकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों से ली। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद के प्रशासन और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के साथ तालमेल करके महोत्सव में बेहतर क्रियान्वयन के लिए भागीदारी सुनिश्चित की जाए। भारत सरकार के अधिकारियों और जिला फरीदाबाद के अधिकारियों को आपस में बेहतर तालमेल करके इस साइंस एंड टेक्नोलॉजी के भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- 2024 का बेहतर क्रिया अनुमान करना सुनिश्चित करें।

# देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने सांसद दीपेंद्र हुड्डा : सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सुपुत्र एवं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिवस पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने एन.एच.-5 स्थित कौड़ी कालोनी में गरीबों व जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए।

इस दौरान लखन सिंगला ने कहा कि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा न केवल हरियाणा बल्कि देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभर रहे है, उनकी सकारात्मक सोच के चलते आज हर युवा उनके साथ जुड? के लिए लालियत है। श्री सिंगला ने





कहा कि जिस प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा की जनता के हकों की आवाज को बुलंद कर रहे है वहीं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए छत्तीस बिरादरी के हक-हकूक की आवाज को सडक से लेकर संसद तक उठाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जिस प्रकार से कांग्रेस की नीतियों के प्रति लोगों का रूझान जिस तरह से बढ़ता जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भाजपा का सूपड़ा साफ होगा और फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। श्री सिंगला ने कहा कि आज राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिवस पर सभी कार्यकर्ता भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन के समक्ष उजागर करने तथा कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन डालचंद डागर, खुशबू खान, कर्मबीर खटाना, विजय कुमार, सुरेंद्र यादव, सुरेंद्र अग्रवाल, हरबिंद गोयल अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बल्लभगढ़ पुलिस ने सेक्टर 64 में एनएसएस के छात्रों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।

पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश अनुसार पुलिस के द्वारा छात्रों, आम जनता,महिलाओं को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूक करने का अभियान चलाए जा रहा है। इसी कड़ी में डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल, एसीपी सिटी बल्लभगढ़ के दिशा निर्देश अनुसार थाना प्रबंधक आदर्श नगर निरीक्षक संजय कुमार और बल्लभगढ़ महिला थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर गीता और उनकी पुलिस टीम के द्वारा सेक्टर 64 प्राइमरी स्कूल में छात्रों और अध्यापकगणों को साइबर क्राइम से बचने, महिला सुरक्षा, यातायात के नियम,



नशे की दुष्परिणाम और डायल 112 ऐप के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि युवाओं को साइबर अपराध, नशा तस्करी, महिला विरुद्ध अपराध इत्यादि सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है ताकि वह आगे चलकर भविष्य में समाज को प्रगति के नए रास्ते पर लेकर जा सके इसके लिए उनका जागरूक होना अति आवश्यक है और इसी मुहिम को आगे बढ़ते हुए पुलिस द्वारा छात्रों को जागरूक किया गया।

साइबर क्राइम के संबंध में किया जागरूक-

बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी निरीक्षक गीता ने साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में बढ रहे साइबर क्राइम के बारे में और बचाव के संबंध में किसी को भी अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी शेयर न करने, अज्ञात फर्जी नंबरों से आने वाले फोन कॉल से सावधान रहने की अपील की और बताया कि कैसे हम फोन पर आने वाले फ्रॉड कॉल और मैसेज के झांसे में आने से बचे। अगर हम सभी अनजान कॉल और मैसेज से बचने लगेंगे तो साइबर अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। हम कई बार अपने छोटी-छोटी पैसों के लालच में ठगों के द्वारा रचाये गए षडयंत्रों में फंस जाते हैं। अब हमें आवश्यकता है कि हम अपने आप को साइबर अपराध के बारे में जागरूक रखें तभी साइबर अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

महिला सुरक्षा के संबंध में पुलिस द्वारा दिए गए सुझाव-

निरीक्षक गीता ने बताया कि प्रशासन के साथ आमजन को भी आगे आना चाहिए और अपराध व अपराधियों से सजक रहना चाहिए। अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना ही महिलाओं की मजबूती है। महिला सुरक्षा पर उनके अधिकारों के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हुए हैं। साथ ही महिलाओं को अपने हौसले को कम न देने की सलाह दी है। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर को कंठस्थ करने व अपने पास सुरक्षित रखने का आवाहन भी किया है।

डायल 112 एप-

थाना प्रबंधक आदर्श नगर संजय कुमार ने बताया कि पुलिस के द्वारा डायल 112 की गाड़ियां चलाई जा रही है।

जोकि फरीदाबाद में हर पुलिस थाना के अंतर्गत पड़ने वाले एरिया में हमेशा मौजूद रहती हैं।

# समालखा अक्षत कलश यात्रा का आयोजन श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर के द्वारा किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**

समालखा अक्षत कलश यात्रा का आयोजन श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर के द्वारा किया गया।

आयोजन में पंडित सुभाष शास्त्री द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। यह यात्रा रेलवे रोड से शुरू होकर माता पुली रोड स्थित श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में महिला व पुरुषों ने जोश व उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। इससे पहले यात्रा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वार्ड दस के पार्षद मनीष बेनीवाल का प्रधान द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि पार्षद मनीष



बेनीवाल ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म ही विश्व का सबसे पुरातन धर्म है।

हमें अपने धर्म व संस्कृति को कभी भूलना नहीं चाहिए। नई पीढ़ी में इसके संस्कार करने चाहिए ताकि वह सनातन के रास्ते पर चलते हुए भारत को विश्व सिरमौर बना सके। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा और देसी घी के दीप जला भगवन श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर अनील बेनिवाल कविता उषा देवी मीणा बेनीवाल, निर्मला देवी, , प्रिय मित्तल, कृष्ण धीमान आदि महिलाएं मौजूद रही।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 05 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

**फास्ट न्यूज**

## चार महीने से वेतन नहीं मिलने पर मेडिकल कॉलेज में कर्मचारियों का हंगामा

मेरठ: एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में चार महीने से वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित संविदा कर्मचारियों ने गुरुवार को प्राचार्य कार्यालय पर जमकर हंगामा किया। सरधना के सपा विधायक अतुल प्रधान ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों को आश्वासन दिया। एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों का गुरुवार को दूसरे दिन भी आंदोलन जारी रहा। कर्मचारियों ने प्राचार्य कार्यालय पर जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे सपा विधायक अतुल प्रधान ने कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें चार महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से उन्हें संकट का सामना करना पड़ रहा है। सपा विधायक ने प्रभारी प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टोंक से बातचीत की और संविदा कर्मचारियों के मामले में शासन स्तर पर बात करने का आश्वासन दिया। संविदा कर्मचारियों ने बताया कि एक कंपनी के जरिए लगभग 200 कर्मचारियों को हायर किया गया है। हर साल हमारी प्लेसमेंट कंपनी चेंज होती है। कंपनी बदलने पर सैलरी भी बढ़ती है। चार महीने से वेतन नहीं मिला है। अब वेतन भी घटा दिया गया है। ऐसी हालत में उनके सामने अपना घर चलाने की समस्या आ खड़ी हुई है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टोंक का कहना है कि चार-पांच दिन में बकाया वेतन मिल जाएगा। बढ़े हुए वेतन को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

## जाइका परियोजना से सुदृढ़ होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था: मंत्री

धर्मशाला: कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश में चलाई जा रही महत्वाकांक्षी जाइका एग्रीकल्चर परियोजना से जहां ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी वहीं इससे कृषि ढांचे में कई बदलाव आने के साथ व्यापक सुधार होंगे। यह जानकारी उन्होंने वीरवार को ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के तहत ज्वाली में जाइका परियोजना के ब्लॉक परियोजना प्रबंधक कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए दी। कृषि मंत्री ने बताया कि इस परियोजना के दूसरे चरण में प्रदेश में 1010 करोड़ रुपए व्यय किये जायेंगे। जिससे लगभग 7433 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि जिला परियोजना प्रबंधन इकाई,पालमपुर (जिला कांगड़ा एवं चम्बा) के तहत पालमपुर, कांगड़ा, शाहपुर,ज्वाली और चम्बा में पांच खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाईयां स्थापित की गई हैं। इन इकाइयों के अंतर्गत 98 उप परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं जिसमें से 78 परियोजनाओं की डीपीआर तैयार हो चुकी है इससे लगभग 2837 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में सिंचाई क्षमता का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि ज्वाली खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई के अंतर्गत लगभग 17 करोड़ रुपए की 19 सिंचाई उप परियोजनाएं शामिल की गई हैं। जिसमें से 17 उप परियोजनाओं की डीपीआर बनकर तैयार हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के 1650 किसान परिवारों की 750 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

# पीएम श्री स्कूल योजना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता: योगी

**140 करोड़ की आबादी को बचाने के साथ नये भारत के रूप में नई शिक्षा नीति की आधारशिला रखी**

**जनसंवाद**

- 404 करोड़ की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण के कार्यों का किया शुभारंभ
- समूह ख के नवचयनित अधिकारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र





**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**पूरी दुनिया** जिस समय कोरोना से ग्रस्त थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ की आबादी को बचाने के साथ नये भारत के रूप में नई शिक्षा नीति की आधारशिला रखी। इसी आधारशिला ने नये भारत के विजन को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी है। पीएम श्री स्कूल योजना इसी श्रृंखला का हिस्सा है। इसी के तहत पहले चरण में 404 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 928 विद्यालयों का आधुनिकीकरण किया जाएगा, जहां 1 से 12वीं क्लास को अपग्रेड किया जाएगा। प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले गरीब का बच्चा ऐसे विद्यालयों में पढ़ने को मजबूर था, जहां सुविधा, शिक्षक और कनेक्टिविटी नहीं थी। इतना ही नहीं ये विद्यालय बंद होने की कगार पर थे। हमने सत्ता में आने के बाद ऑपरेशन कायाकल्प के जरिये बेसिक के विद्यालयों को अपग्रेड करना शुरू किया। आज बेसिक के 96 प्रतिशत विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प के अपग्रेड किया जा चुका है। इन विद्यालयों में एक्स्ट्रा क्लास, टॉयलेट, लैब और स्मार्ट क्लास का निर्माण किया गया। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित 404 करोड़ की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का शुभारंभ एवं 'प्रोजेक्ट अलंकार' के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए 347 करोड़ की धनराशि अंतरण के दौरान कही। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सीएम योगी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत समूह ख के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इससे पहले सीएम योगी ने लोकभवन में बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके अलावा स्कूलों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए कई प्रधानाचार्यों को टैबलेट सौंपे। साथ ही स्मार्ट क्लासेज के संचालन पर विभिन्न शिक्षकों को प्रमाण पत्र सौंपे।

**स्कूल चलो अभियान से 40 लाख बच्चे स्कूलों में बढ़े:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ड्रॉपआउट रोकने के लिए स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई। इससे हर शिक्षक, अधिकारी और जन प्रतिनिधियों को जोड़ा गया।

## 22 जनवरी तक परिवहन की बसों में भी बजेगा राम भजन

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे रामलला** के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे प्रदेश में एक अलग तरह का माहौल है।

चारों तरफ सिर्फ भगवान राम के भव्य मंदिर को लेकर ही चर्चा हो रही है। गांवों और शहरों में शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। भजन-कीर्तन हो रहे हैं। राम चरित मानस के अखंड पाठ आयोजित किए जा रहे हैं। रामभक्तों का ये उत्साह देखते हुए योगी सरकार ने भी वृहद स्तर पर तैयारी की है। इसी क्रम में सीएम योगी के निर्देश पर परिवहन विभाग ने 22 जनवरी को होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना तैयार की है। कार्ययोजना के तहत 22 जनवरी तक सभी बसों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम में राम भजन बजाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रसिद्ध भजनों का होगा प्रसारण**

हाल ही में सीएम योगी ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी, जिसमें उन्होंने अयोध्या के मंदिरों में 14 जनवरी से 24 मार्च 2024 तक भजन कीर्तन, रामायण एवं रामचरित मानस का पाठ, सुन्दरकांड के कार्यक्रम आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। 22 जनवरी को लेकर परिवहन विभाग ने जो कार्ययोजना तैयार की है, उसके अनुसार सभी यात्री वाहनों में तथा बस स्टेशनों पर साफ सफाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जाएं।

## मणिपुर: कुकी की मदद से सुरक्षा बलों ने मैतेई चालक को बचाया

**इंफाल:** कुकी बुजुर्गों और युवाओं की मदद से एक मैतेई ड्राइवर कोनथौजम डिंगकू को बचाने में सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली। यह घटना तब हुई जब बीएसएफ जवानों को काकचिंग में सेरोउ प्रैक्टिकल हाई स्कूल में उनके कैंप तक ले जाते समय डिंगकू गलती से गाड़ी लेकर कुकी गांव टी लैलोइफाई में चला गया। इस घटना को लेकर बीएसएफ जवानों और कुकी के बीच तीखी बहस हो गई। जिसके बाद चालक डिंगकू की आंखों पर पट्टी बांध दी गई और कुकी समूह द्वारा एक गुप्त स्थान पर ले जाया गया। बाद में उन्हें असम राइफल्स और बीएसएफ जवानों ने बचाया। बचाव के बाद, लैलोइफाई गांव के स्थानीय लोगों ने बचाव की अनुमति देने के लिए अपने ग्राम प्रधान की कुछ घरेलू संपत्तियों को नष्ट कर दिया।

## '2047 तक भारत विकसित देश बने, इस दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा'



**संवाद**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अल्मोड़ा जनपद के लाभार्थियों से संवाद किया
- राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अल्मोड़ा जनपद के लाभार्थियों से संवाद किया। इन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 12 लाभार्थियों से संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 09 साल के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई गई और उनका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का पूरा लाभ मिले। राज्य की सभी ग्राम पंचायतों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के 09 साल के कार्यकाल में देश में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। 2047 तक भारत हर क्षेत्र में दुनिया का विकसित देश बने, इस दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड का तेजी से विकास हो रहा है। इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए शिविरों के आयोजन और व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। समाज के हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके, इसके लिए उन्होंने विभिन्न योजनाओं का लाभ ले चुके लोगों को भी अन्य लोगों को इनकी जानकारी देने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये कि पी.एम विश्वकर्मा योजना के तहत पात्र लोगों को पूरा लाभ मिल सके, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

## गुरुग्राम: दिव्या हत्याकांड में बीएमडब्ल्यू गाड़ी तो पटियाला से मिली, शव का अभी पता नहीं

**गुरुग्राम:** गैंगस्टर संदीप गाड़ौली की गैंगस्टर रह चुकी गुरुग्राम की युवती दिव्या पाहुजा का शव पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर पाई है, लेकिन पुलिस ने वह बीएमडब्ल्यू गाड़ी जरूर बरामद कर ली है जिसमें दिव्या का शव डालकर ले जाया गया था। वह गाड़ी पंजाब के पटियाला से मिली है। गुरुग्राम के बस स्टैंड के निकट होटल सिटी प्वायंट से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर आरोपी अभिजीत ने दिव्या का शव अपने दोस्त बलराज को सौंपा था। पुलिस इस मामले में गहनता से जांच व पूछताछ कर रही है। बता दें कि दो जनवरी 2024 की रात को अपने नए दोस्त गुरुग्राम में होटल सिटी प्वायंट के मालिक अभिजीत के साथ दिव्या पाहुजा पहुंची थी। इसके बाद तीन जनवरी की आधी रात के करीब उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद उसके शव को ठिकाने लगाने का काम किया गया। इस विषय पर गुरुवार को डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस करके जानकारी दी कि दिव्या पाहुजा अभिजीत के संपर्क में पिछले काफी समय से थी। दोजनवरी को दिव्या पाहुजा अभिजीत के साथ ही होटल में पहुंची थी। दिव्या पाहुजा ने अभिजीत के कुछ अश्लील वीडियो बनाए हुए थे।

## कुलगाम: आतंकियों को पकड़ने के लिए दूसरे दिन भी तलाशी जारी

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान गुरुवार को दूसरे दिन में प्रवेश कर गया, क्योंकि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी रखा है। जो कल रात कुछ देर के लिए मुठभेड़ में शामिल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कोई ताजा गोलीबारी नहीं हुई है लेकिन तलाशी अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू करने के बाद बुधवार रात को हादीगाम गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। साल 2024 की सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पहली मुठभेड़ है और यह मुठभेड़ दक्षिण कश्मीर के अडीगाम मोहनपोरा (कुलगाम) में हुई। बुधवार की रात को उस समय गोलियों की आवाज गूंजने लगी। जब सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़ भागने के लिए आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इसके साथ ही आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।



**मुठभेड़**

- घेराबंदी तोड़ भागने के लिए आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई

## बाबा विश्वनाथ की कृपा से अवश्य बनूंगा मंत्री: ओमप्रकाश राजभर

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं की ओर से संदेश मिला है। खरमास के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। उत्तर प्रदेश में कुछ चेहरे मंत्री बनेंगे। बाबा काशी विश्वनाथ की कृपा से मैं भी अवश्य मंत्री बनूंगा। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि नई दिल्ली में दो बार भाजपा के प्रमुख नेताओं से मिल कर आया हूं। मेरी जो भी वार्ता हुई है, उसमें कोई भी शंका शेष नहीं है। वर्तमान स्थिति में मेरा भाजपा के साथ गठबंधन है। मेरी पार्टी भाजपा के साथ खड़ी है। आगे लोकसभा चुनाव भाजपा के गठबंधन में ही लड़ेंगे इसमें भी कोई शंका नहीं है। उन्होंने कहा कि खरमास खत्म होने के बाद उन्हें मंत्री बनने की उम्मीद है। यह भी हो सकता है कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम तक उत्तर प्रदेश में कोई बदलाव न हो। जब भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के चेहरों को जोड़ेंगे और नये चेहरों को शामिल किया जाएगा।

## 'अरनीवाला और सनेटा में नई अनाज मंडियां बनाई जाएंगी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब कृषि** और किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए उपयुक्त जगह मुहैया करवाना यकीनी बनाने के लिए पंजाब सरकार द्वारा एस.ए.एस. नगर (मोहाली) के गाँव सनेटा और फाजिल्का जिले के गाँव अरनीवाला शेख सुभान में दो नयी अनाज मंडियां बनाई जाएंगी। यहाँ किसान भवन में पंजाब मंडी बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए स. खुड्डियां ने बताया कि अरनीवाला में दाना मंडी 12 एकड़, जबकि सनेटा में मंडी 5 एकड़ क्षेत्रफल में बनाई जायेगी। बताने योग्य है कि मौजूदा समय में राज्य में कुल 1872 अनाज मंडियां हैं। कैबिनेट मंत्री ने पंजाब मंडी बोर्ड के ज्वाइंट सचिव को इन अनाज मंडियों का निर्माण जल्द से जल्द शुरू करने के लिए प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार किसानों को सुविधाएं देने के साथ-साथ अन्नदाता की भलाई को यकीनी बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।



विधायक एस.ए.एस. नगर कुलवंत सिंह, विधायक जलालाबाद जगदीप कम्बोज गोल्डी और विधायक शुतराना कुलवंत सिंह बाजीगर, विशेष मुख्य सचिव कृषि श्री के.ए.पी. सिन्हा, अतिरिक्त सचिव कृषि राहुल गुप्ता, पंजाब मंडी बोर्ड के ज्वाइंट सचिव श्रीमति गीतिका सिंह और मंडी बोर्ड के अन्य सीनियर अधिकारी भी उपस्थित थे।

'नव्य अयोध्या'

**विदेशी निर्भरता की वजह से वायु सेना को अपनी खरीद नीति में बदलाव करना पड़ा**

## रामोत्सव 2024: अवध की थाली का स्वाद चखेगी दुनिया

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**योगी सरकार** की 'नव्य अयोध्या' परियोजना साकार रूप लेने लगी है। इस 'नव्य अयोध्या' में आने वाले आगंतुकों के लिए उप्र पर्यटन विभाग की पेइंग गेस्ट योजना वरदान साबित हो रही है। यह योजना जहां प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक योगदान दे रही है, वहीं रोजगार के नए अवसर भी सृजित कर रही है। रामनगरी में इस योजना के तहत अभी तक 600 लोगों ने आवेदन किए हैं, जबकि 464 लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। योजना के जरिए उप्र प्रदेश पर्यटन विभाग अवध की थाली के स्वाद के तड़के को साधु-संतों व देश-विदेश से आने वाले अतिथियों तक नई पहचान दिलाएगा। यही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के तहत होम स्टे में मिलेट्स के व्यंजन परोसे जाने पर भी जोर दिया जा रहा है। यात्रियों, श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों के रहने का उत्तम प्रबंध सुनिश्चित कर रही पेइंग गेस्ट योजना के जरिए रामनगरी में रोजगार के भी अवसर वृहद स्तर पर सृजित किए जा रहे हैं।



**उत्तम जायका**

- थाली में मटर का निमोना, चावल मूंग, बेसन, मसूर की दाल आदि जैसे स्वादिष्ट पकवानों का उत्तम जायका परोसा जाएगा

**अवध की थाली और मिलेट्स के व्यंजन परोसने पर जोर:** योगी सरकार का प्रयास है कि अवध की थाली को देश-विदेश में नई पहचान मिले। अवध की थाली के जरिए यहां के मूल अनाज को वैश्विक पटल तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस थाली में मटर का निमोना, चावल, फरा, मूंग, बेसन, मसूर की दाल आदि जैसे स्वादिष्ट पकवानों का उत्तम जायका परोसा जाएगा। वहीं बाजरा, ज्वार, कोदो, रामदाना आदि मिलेट्स से बने विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी आगंतुकों तक पहुंचें, इस बात को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

इस योजना के लिए स्वामित्व संबंधी अभिलेख, स्वीकृत मानचित्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल की कॉपी, मकान व कमरे की फोटो, आवेदक की दो फोटो देनी होगी।

## अमृतसर से ड्रोन के द्वारा फेंका 2 किलो आईस ड्रग, एक चीनी पिस्तौल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
अमृतसर-मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर नशों के विरुद्ध शुरू की गई जंग के दौरान सरहद पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के नैटवर्क को बड़ा झटका देते हुए पंजाब पुलिस ने 2 किलो आईस ड्रग (मेथामफेटामाईन) बरामद करने के उपरांत मुख्य दोषी को गिरफ्तार कर के पाकिस्तान आधारित समग्लरों द्वारा सरहद पार से चलाए जा रहे नशा और हथियारों की तस्करी के रैकेट का पर्दाफाश किया है।

पंजाब के डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहाँ यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि पकड़े गए समग्लर की पहचान सिमरनजीत सिंह उर्फ सिमर मान निवासी गाँव गग्गड़माल अमृतसर के तौर पर हुई है। पुलिस टीमों ने आईस ड्रग की खेप को जब्त करने के अलावा उसके कब्जे से एक अति-आधुनिक . 30 बोर का चीनी पिस्तौल और पाँच ज़िंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।



डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गिरफ्तार मुलजिम पाकिस्तान आधारित तस्कर पठान और आमेर के सीधे संपर्क में था, जो उसे ड्रोन के द्वारा सरहद पार से आईस ड्रग्ज और हथियार सप्लाई कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किये गए मुलजिम राज्य भर में आईस ड्रग्ज की सप्लाई करते थे, जबकि उसके पिछले और अगले संबंधों के बारे में जानकारी पता लगाने के लिए जांच जारी है।